## सुविचार

कभी-कभी समय के फेर से मित्र शत्रु बन जाता है और शत्रु भी मित्र हो जाता है, क्योंकि स्वार्थ बड़ा बलवान है।

हिंदी दैनिक

# द फोटोन न्यूज

सच के हक में...

झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार, 21 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 95 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com

E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com






ऋचा चड्डा भोली पंजाबन की भूमिका में



### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 59,632.35 |
| निफ्टी | : | 17,624.45 |

### सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,730 |
| चांदी | : | 81.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)




इफ्तार (शुक्रवार): 06.14

सेहरी (रविवार) : 04.03

### ब्रीफ न्यूज

## पीएलएफआई को पुलिस गतिविधि की जानकारी देने वाला सब-इंस्पेक्टर बर्खास्त

**रांची :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) को पुलिस की हर गतिविधि की जानकारी देने के आरोप में एक सब इंस्पेक्टर को बर्खास्त कर दिया गया है। मामला खूंटी जिले का है। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से साठगांठ और पुलिस गतिविधियों की सूचना देने के आरोप में सब-इंस्पेक्टर मनोज कच्छप को बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस विभाग ने रेंज डीआईजी के आदेश पर यह कार्रवाई की है। खूंटी एसपी के अनुशंसा पर बर्खास्तगी की कार्रवाई पुलिस नियमावली के तहत की गयी है। दरअसल, सब इंस्पेक्टर मनोज कच्छप पर पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से साठगांठ रखने और पुलिस की गतिविधि की सूचना देने का आरोप था। विभागीय रिपोर्ट में सब इंस्पेक्टर पर आरोप सही पाए गए थे।

## मनी लॉन्ड्रिंग में गिरफ्तार रिम्स का रेडियोग्राफर सस्पेंड

**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद रिम्स रेडियोलॉजी विभाग के रेडियोग्राफर मो अफसर अली को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें हिरासत में लिये जाने की तिथि 13 अप्रैल से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही अफसर अली के विरूद्ध आरोप पत्र गठित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई करने का भी आदेश दिया गया है। झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2016 के कंडिका-9 (2) (क) में निहित प्रावधान के तहत यह निर्देश जारी किया गया है। यह जानकारी रिम्स के पीआरओ डॉक्टर राजीव रंजन ने गुरुवार को दी है।

## अतीक-अशरफ की हत्या का सीन रिक्रिएट

**प्रयागराज :** प्रयागराज के कॉल्विन हॉस्पिटल में गुरुवार दोपहर एसआईटी ने माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या का सीन रिक्रिएट किया। यहां दो युवकों को अतीक और अशरफ बनाकर लाया गया। उन्हें जिस तरह मीडियाकर्मी बनकर आए शूटर्स ने गोली मारी थी, ठीक वैसा ही सीन दोहराया गया। इसके बाद अतीक और अशरफ बने युवक जमीन पर गिर गए और जमीन पर तड़पने लगते हैं। सीन रिक्रिएट करने से वारदात के हालात समझने में मदद मिलेगी। एसआईटी की टीम के साथ ज्यूडिशियल कमीशन (न्यायिक आयोग) के सदस्य भी थे। शनिवार रात प्रयागराज के कॉल्विन हॉस्पिटल में अतीक और अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गुरुवार को हॉस्पिटल पहुंची एसआईटी और न्यायिक आयोग के सदस्यों ने घटनास्थल को जांचा-परखा। डॉक्टरों से बात की। अस्पताल के अंदर का भी हाल देखा। पुलिस कमिश्नर से घटना के बारे में जानकारी ली।

# गुजरात में नरोदा दंगे के सभी 86 आरोपी बरी : हिंसा में 11 लोगों की गई थी जान, 21 साल बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला

**एजेंसी, अहमदाबाद।**

2002 के गुजरात दंगों के दौरान हुए नरोदा कांड के सभी 86 आरोपियों को अहमदाबाद की सेशन कोर्ट ने बरी कर दिया। घटना के 21 साल बाद गुरुवार को सुनाए फैसले में कोर्ट ने कहा- आरोपियों का दोष साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं। पीड़ित पक्ष के वकील शमशाद पठान ने कहा- हम इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। 28 फरवरी 2002 को अहमदाबाद शहर के पास नरोदा गांव में हुई सांप्रदायिक हिंसा में 11 लोग मारे गए थे। इस केस में गुजरात सरकार की पूर्व मंत्री और भाजपा नेता माया कोडनानी, बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी और विश्व हिंदू परिषद के नेता जयदीप पटेल समेत 86 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इनमें से 18 लोगों की मौत हो चुकी है। एक आरोपी प्रदीप कांतिलाल संघवी को पहले ही सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया था। जज एसके बक्शी की अदालत ने 16 अप्रैल को इस मामले में फैसले की तारीख 20 अप्रैल तय की थी। सभी आरोपी जमानत पर थे। साल 2010 में शुरू हुए मुकदमे के दौरान दोनों पक्ष ने 187 गवाहों और 57 चश्मदीद गवाहों से जिरह की। लगभग 13 साल तक चले इस केस में 6 जजों ने लगातार मामले की सुनवाई की।

माया कोडनानी ने खुद पर लगे आरोपों पर कहा था- दंगे वाले दिन सुबह के वक्त वह गुजरात विधानसभा में थीं। दोपहर में वे गोधरा ट्रेन हत्याकांड में मारे गए कारसेवकों के शवों को देखने के लिए सिविल अस्पताल पहुंची थीं। जबकि कुछ चश्मदीद ने कोर्ट में गवाही दी थी कि कोडनानी दंगों के वक्त नरोदा में मौजूद थीं और उन्हीं ने भीड़ को उकसाया था।

साल 2002 के दंगों के एक केस में हाईकोर्ट माया कोडनानी को बरी भी कर चुका है। बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी की सजा को आजीवन कारावास से कम कर 21 साल कर दिया था। इस मामले में भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष और मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी माया कोडनानी के लिए बचाव पक्ष के गवाह के रूप में पेश हुए थे।



यह तस्वीर नरेदा दंगे की बाद की है।

## गोधरा कांड में 59 लोगों की हुई थी मौत

2002 में गुजरात के गोधरा स्टेशन पर एक दुखद घटना हुई थी। अहमदाबाद जाने के लिए साबरमती एक्सप्रेस गोधरा स्टेशन से चली ही थी कि किसी ने चेन खींचकर गाड़ी रोक दी और फिर पथराव शुरू हो गया। बाद में ट्रेन के एस-6 कोच में आग लगा दी गई। कोच में अयोध्या से लौट रहे 59 तीर्थयात्री थे, सभी की मौत हो गई थी। गोधरा कांड के बाद भड़के दंगों में एक हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे, जिनमें 790 मुसलमान और 254 हिंदू थे। गोधरा कांड के एक दिन बाद 28 फरवरी को अहमदाबाद की गुलबर्ग हाउसिंग सोसाइटी में बेकाबू भीड़ ने 69 लोगों की हत्या कर दी थी। इन दंगों से राज्य में हालात इस कदर बिगड़ गए कि स्थिति काबू करने के लिए तीसरे दिन सेना उतारनी पड़ी।

## गोधरा कांड के अगले दिन हुआ था नरोदा में दंगा

गोधरा कांड के अगले दिन यानी 28 फरवरी को नरोदा गांव में बंद का ऐलान किया गया था। इसी दौरान सुबह करीब 9 बजे लोगों की भीड़ बाजार बंद कराने लगी, तभी हिंसा भड़क उठी। भीड़ में शामिल लोगों ने पथराव के साथ आगजनी, तोड़फोड़ शुरू कर दी। देखते ही देखते 11 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। इसके बाद पाटिया में भी दंगे फैल गए। यहां भी बड़े पैमाने पर नरसंहार हुआ। इन दोनों इलाकों में 97 लोगों की हत्याएं की गई थीं। इस नरसंहार के बाद पूरे गुजरात में दंगे फैल गए थे। इस मामले में एसआईटी ने तत्कालीन भाजपा विधायक माया कोडनानी को मुख्य आरोपी बनाया था। हालांकि इस मामले में वे बरी हो चुकी हैं।

# रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने ईडी से दो हफ्ते का मांगा समय

### लैंड स्कैम मामला: आज होनी थी पूछताछ

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीते 17 अप्रैल को समन भेजकर छवि रंजन को 21 अप्रैल को ईडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। इससे पहले गुरुवार को आईएएस छवि रंजन ने ईडी के समक्ष उपस्थित होने के लिए दो हफ्ते का समय मांगा है। दूसरी ओर ईडी ने इस मामले में एडिशनल रजिस्ट्रार, कोलकाता त्रिदीप मिश्रा को समन भेजकर दो मई को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

**ईडी ने आईएएस छवि रंजन समेत 18 लोगों के 22 ठिकानों पर की थी छापेमारी**

रांची में सेना की जमीन के साथ कई जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग-अलग अंचलों के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के कुल 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को बड़े पैमाने पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज कई सरकारी कागजात मिले हैं। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद-बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लॉडिंग के साक्ष्य ईडी को मिले हैं। छापेमारी के बाद ईडी के द्वारा सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, अब उन्हीं सातों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।



छवि रंजन की फाइल फोटो

### ईडी ने 13 अप्रैल को सात लोगों को किया था गिरफ्तार

ईडी ने 13 अप्रैल को आर्मी लैंड स्कैम मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। ईडी ने गिरफ्तार सातों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच 14 अप्रैल शुक्रवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया था। जहां कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद ईडी सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर ईडी आईएएस छवि रंजन से पूछताछ करेगी।

# जम्मू-कश्मीर में आर्मी ट्रक पर आतंकी हमला, 5 जवान शहीद

### एक जवान घायल, पीएएफएफ ने ली जिम्मेदारी, झुलसकर जवानों की मौत

**एजेंसी, जम्मू।**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में पहले घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने भारतीय सेना के ट्रक में हमला कर दिया, जिससे ट्रक में भीषण आग लग गई। इस हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के 5 पांच जवान शहीद हो गए, जबकि एक जवान बुरी तरह से घायल हो गया। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन जैश समर्थिक पीएएफएफ यानी पीपल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली है। इसके बाद इंडियन आर्मी के जवानों ने पूरे इलाकों को घेरकर सर्च अभियान शुरू कर दिया है। आतंकियों के हमले को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं।

भारतीय सेना के अनुसार, अज्ञात आतंकवादियों ने गुरुवार की शाम को राजौरी सेक्टर में भीमबेर गली और पुंछ के बीच हाइवे से गुजर रही सेना की गाड़ी पर ग्रेनेड से हमला कर दिया। आतंकियों ने बारिश और कम दृश्यता का फायदा उठाते हुए यह अटैक किया, जिसमें सेना के पांच जवानों की झुलसकर मौत हो गई वहीं एक जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आर्मी जवानों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुंछ में आतंकी अटैक को लेकर केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए की टीम शुक्रवार को घटनास्थल पर जाएगी। इस टीम में 3 से 4 सदस्य होंगे, जो मौका ए वारदात पर पहुंचकर अपने स्तर पर भी पूरे मामले की जांच करेंगे। आपको बता दें कि बड़े आतंकी हमले के बाद स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के तहत केंद्रीय जांच एजेंसी अपने स्तर पर तफ्तीश करती हैं, जिस प्रक्रिया के तहत एनआईए इस आतंकी हमले में जांच करेगी। इसके साथ ही भारतीय सेना की टीम भी जमीनी स्तर पर नजर बनाए रखी है।



आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के ट्रक में लगी आग व आग बुझाने की कोशिश करते जवान ● एजेंसी

## पहले ग्रेनेड से हमला, फिर फायरिंग

सेना ने बताया कि राजौरी के पुंछ सेक्टर में आतंकियों ने पहले सेना की गाड़ी पर ग्रेनेड से हमला किया। इसके बाद उन्होंने ट्रक पर फायरिंग की। इस बीच ट्रक में आग लग गई, जिसमें 5 जवान शहीद हो गए, जबकि एक घायल हो गया। सेना ने पहले इस घटना को ट्रक में आग लगने के नजरिए से देखा, लेकिन जब जवानों के शवों पर गोलियों के निशान देखे गए, तब सेना ने इसे आतंकी हमला बताया। सेना के जवानों पर ये हमला राजौरी के पुंछ सेक्टर में हुआ। आतंकी लगातार घाटी में सेना के ऑपरेशन क्लीन से बौखलाए हुए हैं। ऐसे में वो लगातार ऐसे हमले कर रहे हैं। इससे पहले भी पुंछ में आतंकियों ने सेना के जवानों को निशाना बनाया था।

### उत्तरी कमान मुख्यालय का बयान

उत्तरी कमान मुख्यालय ने एक बयान में कहा, अपराह्न तीन बजे के करीब राजौरी सेक्टर में भीम्बर गली और पुंछ के बीच सेना के एक वाहन पर भारी बारिश और कम दृश्यता का फायदा उठाते हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी की। आतंकवादियों द्वारा संभवतः ग्रेनेड के इस्तेमाल के कारण वाहन में आग लग गई। सेना ने कहा कि सभी पांचों जवान राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के थे और इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए तैनात किए गए थे। बयान में कहा गया है कि आतंकियों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है और अन्य विवरण का पता लगाया जा रहा है। इससे पूर्व, जम्मू में रक्षा प्रवक्ता ने बताया था कि पुंछ जिले में भीम्बर गली से संगीओत की ओर जाते समय सेना के एक वाहन में आग लगने से जवानों की मौत हो गई। सेना और पुलिस के जवान घटनास्थल पर पहुंचे, जो पुंछ से 90 किलोमीटर दूर है।

### पीएम ने दिल्ली में प्रथम दो दिवसीय वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विचार साझा किए

# भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलते तो नहीं आता जलवायु परिवर्तन का संकट : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि बुद्ध का मार्ग भविष्य का मार्ग है। इस मार्ग पर चलने से संघर्ष के स्थान पर समन्वय और अशांति के स्थान पर शांति प्राप्त होती है। अगर दुनिया पहले से ही भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलती तो जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दिल्ली स्थित अशोक होटल में प्रथम दो दिवसीय वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने विचार साझा कर रहे थे। इस दौरान दुनिया भर से आए बौद्ध धर्मावलंबियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध और अशांति से पीड़ित दुनिया को बुद्ध ने सदियों पहले ही ऐसी समस्याओं का समाधान दे दिया था। उन्होंने कहा कि बुद्ध व्यक्ति से आगे बढ़कर एक बोध हैं। बुद्ध स्वरूप से आगे बढ़कर एक सोच हैं। बुद्ध चित्रण से आगे बढ़कर एक चेतना हैं। उन्होंने कहा कि बुद्ध की चेतना चिरंतर और निरंतर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानवता लगातार गलतियों के कारण विनाश की कगार पर खड़ी है। भगवान बुद्ध के अनुसार गलतियों को सुधारा जाए तो समस्याओं का समाधान संभव है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्म दुनिया पर एक प्रभाव छोड़ता है। हमें अपने जीवन में बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की मिशन लाइफ लाइफ-स्टाइल फॉर इन्वार्यमेंट की पहल इसी दिशा में शुरूआत है। संस्कृति मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से 20-21 अप्रैल को दिल्ली में दो दिवसीय प्रथम वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में मानवता के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर विचार करना और बौद्ध दर्शन के परिप्रेक्ष्य में उनका समाधान खोजना है। दुनियाभर से सम्मेलन में भाग लेने आए लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बुद्ध का मार्ग परियक्ति, पटिपत्ति और पटिवेध यानी सिद्धांत, अभ्यास और अहसास पर आधारित है। पिछले 9 वर्षों में भारत इन तीनों ही बिन्दुओं पर तेजी से आगे बढ़ा है। आगे उन्होंने कहा कि दुनिया के अलग-अलग देशों में पीस मिशन्स हों या तुर्किए में भूकम्प जैसी आपदा।




दो दिवसीय वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन को संबोधित करते पीएम ● एजेंसी

# राज्य सरकार ने श्रमिकों का महंगाई भत्ता बढ़ाया

### सवा दो हजार से साढ़े तीन हजार रुपये तक की बढ़ोतरी

**वरीय संवाददाता, रांची।**

राज्य सरकार ने श्रमिकों के प्रति संवदेनशीलता दिखाते हुए ठेका मजदूरों की मजदूरी में जुड़े महंगाई भत्ता में वृद्धि कर दी है। इससे विभिन्न कैटेगरी के मजदूरों की मजदूरी में लगभग सवा दो हजार से लेकर साढ़े तीन हजार रुपये तक की प्रतिमाह में बढ़ोतरी हो गई है। राज्य सरकार ने ठेका मजदूर (विनियमन एवं उन्मूलन) नियमावली 1972 के नियम-25 के उपनियम (2) के खण्ड (भी) के उप खण्ड (बी) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ठेका श्रमिकों की सेवा शर्तों एवं देय मजदूरी का निर्धारण किया है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से 1 अप्रैल 2023 की तिथि से अधिसूचित परिवर्तनशील महंगाई भत्ता की दरें तय की गईं हैं, जो ठेका श्रमिकों को देय होंगी। इसके लिए सरकार ने आदेश निर्गत कर दिया है। इसके तहत वर्ष 2020 के अकुशल श्रमिकों को देय मजदूरी प्रतिमाह 8,571.78 रुपये थी। अब राज्य सरकार की घोषणा के बाद 1 अप्रैल 2023 से बड़े महंगाई भत्ता में 2,220.94 रुपये की वृद्धि हुई है। अब ऐसे श्रमिकों को प्रतिमाह 10,792.72 रुपये दिये जाएंगे। इसी तरह अर्द्धकुशल श्रमिकों को वर्ष 2020 में 8,977.47 रुपये देय था, लेकिन अब महंगाई भत्ता दर में वृद्धि से इनका वेतन 2,326.06 रुपये बढ़ गया है। अब ऐसे श्रमिकों को प्रतिमाह 11,303.53 रुपये मिलेंगे। कुशल श्रमिकों को वर्ष 2020 में देय मजदूरी प्रतिमाह 11,935.06 रुपये थी। महंगाई भत्ता दर बढ़ने से 3,092.37 रुपये की वृद्धि के बाद अब 15,027.43 रुपये प्रतिमाह मजदूरी मिलेगी।

# असम और अरुणाचल सीमा विवाद सुलझने से विकास के नये आयामों को मिलेगी गति : शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि असम और अरुणाचल प्रदेश सीमा विवाद सुलझ जाने से विकास के नये आयामों को गति मिलेगी। शाह ने गुरुवार को पूर्वोत्तर के दो राज्य असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच करीब 800 किमी लंबी सीमा से जुड़े विवाद के समाधान करने के लिए हुए करार के बाद दोनों मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा और पेमा खांडू को बधाई दी।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा और अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज नार्थ ब्लॉक में स्थित गृह मंत्री के कार्यालय पहुंचकर गृह मंत्री शाह की उपस्थिति में राज्य के सीमा विवाद को खत्म करते हुए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों मुख्यमंत्री व दोनों राज्यों की जनता को बधाई देते हुए कहा कि पूर्वोत्तर भारत के लिए यह ऐतिहासिक पल है। वर्ष 1972 से लेकर आजतक जिस सीमा विवाद को सुलझाया नहीं जा सका था, उसे आज सुलझा लिया गया है। शाह ने कहा कि लोकल कमिशन की रिपोर्ट 1972 से अबतक अलग-अलग सरकारों में अदालतों में विवाद में फंसी रही। लंबे समय से कोई समाधान नहीं निकल रहा था लेकिन आज दोनों राज्यों ने सर्वसम्मति से इस विवाद को सुलझा कर ऐतिहासिक कार्य किया है।

दोनों राज्यों के बीच अंतर्राज्यीय सीमा से सटे 123 गांवों से संबंधित विवाद की समाप्ति के लिए आज समझौता हुआ है। समझौते में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, जनसांख्यिकीय प्रोफाइल, प्रशासनिक सुविधा, सीमा से निकटता और निवासियों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखा गया है।

समझौते के तहत दोनों राज्य सरकारों में इस बात पर सहमति बन गई है कि करीब 800 किलोमीटर लंबी दोनों राज्यों के बीच की सीमा के संबंध में यह समझौता पूर्ण और अंतिम होगा और दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में किसी भी क्षेत्र या गांव से संबंधित कोई नया दावा पेश नहीं किया जाएगा। समझौते के बाद सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा दोनों राज्यों की सीमाओं के सटीक निर्धारण के लिए दोनों राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा।



असम और अरुणाचल के विवादों को सुलझाते अमित शाह। ● एजेंसी

शाह ने कहा कि यह कदम पीएम मोदी के विकसित पूर्वोत्तर के सपने को साकार करने वाला कदम है। यह शांत पूर्वोत्तर और विवाद रहित पूर्वोत्तर के सपने को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र में मोदी की सरकार आने के बाद से पूर्वोत्तर राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी गई है। यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है। बीते वर्षों में पूर्वोत्तर के राज्यों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) के दायरे को कम किया गया है। पूर्वोत्तर की शांति के लिए बोडो समस्या का समाधान किया गया, एनएलएफटी गुट के साथ शांति समझौता किया गया, कार्बी एंगलोंग समझौता किया गया और असम-मेघालय सीमा विवाद सुलझाया गया।

शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में आठ हजार से अधिक युवा हथियार छोड़कर मुख्यधारा से जुड़े हैं। वहां हिंसा में लगातार कमी आ रही है। सुरक्षा बलों की मौत में 60 फीसदी की कमी आई है। नागरिकों की मृत्यू में 83 फीसदी की कमी आई है। यह बड़ी उपलब्धि है। असम में 70 फीसदी क्षेत्र अफस्पा मुक्त हो चुका है। मणिपुर के छह जिलों के 15 पुलिस स्टेशन को अफस्पा मुक्त किया गया, अरुणाचल में सिर्फ तीन जिलों में अफस्पा कानून बचा है। नागालैंड के सात जिलों से अफस्पा हटाया गया है। त्रिपुरा और मेघालय अफस्पा मुक्त हो चुके हैं।

एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पीएम मोदी और गृह मंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह दोनों राज्यों के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस समझौते में सभी की सहमति है। खांडू ने कहा कि वह इस समझौते को मूर्तरूप देने में लगे सभी लोगों को धन्यवाद देते हैं। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा ने भी पीएम मोदी और अमित शाह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस समस्या को सुलझाने में केन्द्रीय गृह मंत्री ने अहम भूमिका निभाई है। उनका नियमित मार्गदर्शन मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए सीमावर्ती 123 गांवों से संवाद किया गया। संवाद के लिए क्षेत्रीय समिति बनाई गई। सभी से चर्चा-परिचर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। अपने संबोधन के दौरान सीएम हिमंता ने अरुणाचल के मुख्यमंत्री खांडू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जोरहाट जिले के विवाद को निपटाने में मुख्यमंत्री खांडू ने अहम भूमिका निभाई है।

## असम-अरुणाचल सीमा विवाद का समाधान बहुत बड़ी उपलब्धि : शाह

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में गुरुवार को पूर्वोत्तर के दो राज्यों असम और अरुणाचल के बीच करीब 800 किमी लंबी सीमा से जुड़े विवाद का समाधान करने के लिए करार किया गया। गृहमंत्री ने कहा कि अब पूर्वोत्तर को विकसित, शांत और विवाद मुक्त रखने का सपना साकार हो रहा है।

सीमा विवाद को लेकर आज असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा और अरुणाचल के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू के बीच एक समझौता ज्ञापन पर यहां गृह मंत्रालय में हस्ताक्षर किए गए। इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए गृह मंत्री ने कहा कि जिन विवादों का समाधान आजादी के समय हो जाना चाहिए था उनका 75 साल बाद अब समाधान हो रहा है। यह एक बड़ी उपलब्धि है।

# विधायक नितीन देशमुख सहित पांच सौ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में

**एजेंसी, मुंबई।**

ठाकरे गुट के विधायक नितीन देशमुख सहित करीब पांच कार्यकताओं को नागपुर के धामना गांव में पुलिस ने हिरासत में लिया है। यह सभी कार्यकर्ता विधायक नितीन देशमुख के नेतृत्व में जल संघर्ष यात्रा के साथ शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर स्थित आवास के सामने प्रदर्शन करने वाले थे। खबर लिखे जाने तक पुलिस इन सभी को आकोला ले गई है। नितीन देशमुख ने पत्रकारों को बताया कि भले ही उन पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया तो भी वे जमानत नहीं लेंगे। इसके बाद वे प्रधानमंत्री निवास पर प्रदर्शन करेंगे।

जानकारी के अनुसार आकोला जिले तथा आस-पास के इलाकों में पानी की भीषण किल्लत है। इसी वजह से नितीन देशमुख ने जलसंघर्ष यात्रा की शुरूआत 10 अप्रैल को अकोला से की थी। 21 अप्रैल को नितिन देशमुख और उनके सहयोगी उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के सामने पानी के मुद्दे को लेकर धरना देने वाले थे। लेकिन आज नागपुर की सीमा पर धामना गांव में विधायक नितिन देशमुख की संघर्ष यात्रा को पुलिस ने रोक दिया। और उनके साथ सभी कार्यकताओं को पकड़कर आकोला लाए हैं। नितीन देशमुख ने पुलिस पर कानून का दुरुपयोग करने और कार्यकताओं को पीटने का आरोप लगाया है। नितीन देशमुख ने यह भी कहा कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर पुलिस पर दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है।


विधायक नितीन देशमुख सहित अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेती पुलिस। ● एजेंसी

ठाकरे गुट के प्रवक्ता संजय राऊत ने कहा कि एक तरफ खारघर में पानी के बिना लोगों की मौत हो गई। दूसरी तरफ पानी के लिए आंदोलन करने वाले विधायक नितिन देशमुख और उनके समर्थकों पर सरकारी दबाव की वजह से पुलिस कार्रवाई कर रही है। यह सरकार संवेदनहीन हो गई है।

## प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ रांची डीसी को लिखा पत्र, व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**संवाददाता, रांची।**

प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ नेशनल पीपुल्स पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, भाकपा, भाकपा (मार्क्सवादी) के नेताओं ने रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर कर्मचारियों की कमी, कर्मचारियों द्वारा प्रतिवेदन सही समय पर नहीं भेजना, महीनों तक प्रतिवेदन जिला को नहीं भेजना, पेयजल की व्यवस्था को सुचारू रूप से मरमत्ति नहीं करना सहित अन्य प्रमुख मुद्दों को अवगत कराया।

न्यायालय द्वारा भेजा गया जांच प्रतिवेदन समय पर नहीं आने से सिल्ली, नामकुम, बुंडू, तमाड़, राहे क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अपर समाहर्ता भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडल सदर, अनुमंडल बुंडू के पेशकार के कार्यशैली पर भी चिंता जाहिर किया गया। अप्रैल का महीना शुरू होने के बाद भी 19 प्रखंड के चापाकल मरम्मत तालाब मरम्मत गांव में बिजली के जर्जर तारों को नहीं बदलना अब तक धीमी प्रक्रिया से हो रहा है। इसके अलावा सोनाहातु प्रखंड में बन रहे जलमीनार मे निर्मित भूमि अब तक हरकतों को मुआवजा भुगतान नहीं हुआ है। पेयजल विभाग के अभियंता मौन साधे हुए हैं।

नगर आयुक्त शशि रंजन से मिलकर बताया गया कि ठेकेदारों द्वारा सड़क निर्माण में कोताही, नाली निर्माण कार्य में घटिया सामग्री एवं विजिलेंस टीम द्वारा सड़क किनारे ठेले खोमचे एवं सब्जी बेचने वाले को परेशान किया जाता है। वार्ड नंबर 5,7,16,17,24 में पेयजल व्यवस्था पर गंभीर संकट है। बिल्डरों द्वारा पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित नहीं होती है। कंप्यूटर द्वारा प्लॉट नंबर में छेड़छाड़ की जा रही है जो बहुत गंभीर विषय है। सभी वार्डों का होल्डिंग टैक्स एक समान नहीं होना चाहिए क्योंकि सभी की इनकम एक जैसी नहीं है।

प्रखंड दस्तावेज से छेड़छाड़ करने वाले कर्मचारी, अमीन की सेवा समाप्त किया जाना चाहिए। दस्तावेज को रिकॉर्ड रूम में फाड़ा जा रहा है जो एक गंभीर विषय है। रिकॉर्ड रूम में भी संदिग्ध लोग कार्यालय में रहते हैं जो पैसे लेकर दस्तावेजो के साथ छेड़छाड़ या फिर पैसे लेकर उपलब्ध कराते हैं। उपायुक्त को इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए।

# बालू की किल्लत और अवैध खनन को लेकर राज्यपाल से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

**संवाददाता, मेदिनीनगर।**

भाजपा के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान भाजपा ने राज्यपाल को प्रदेश में बालू की किल्लत और पलामू जिले में प्रशासन के संरक्षण में हो रही बालू तस्करी से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से गुहार लगायी कि पलामू जिले में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक पैसा लेने के बाद भी बालू न मिलने से अपने आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कर पा रहे है। एकाएक बालू पर रोक लगाने की वजह से एक तरफ लाभुक चार गुना ज्यादा कीमत पर बालू खरीदने को बाध्य है। सरकार समय पर आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाने पर लाभुकों को आवास के लिए दी गई राशि भी ब्याज के साथ वसूलने और प्राथमिकी की भी धमकी दी जा रही है। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल को बताया कि बालू न मिलने से सभी सरकारी निर्माण विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। दो वर्ष पूर्व तक इस क्षेत्र का बालू विभिन्न माध्यम से बाहर भेजा गया है।


राज्यपाल को ज्ञापन सौंपता भाजपा का प्रतिनिधिमंडल। ● द फोटोन न्यूज

राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि स्थानीय लोगों के लिए बहुत जल्द बालू की उपलब्धता के लिए सरकार को निर्देशित करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में मनोज शर्मा, भुनेश्वर प्रसाद सिंह, अजय सिंह, सुधीर सिंह पूर्व सैनिक, लालधन ठाकुर और सत्यनारायण यादव शामिल थे।

# प्रधानमंत्री आज सिविल सेवा दिवस पर लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे। साथ ही इस आयोजन के दौरान लोक प्रशासन में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार उत्कृष्टता पुरस्कारों को आम नागरिकों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों और संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को मान्यता देने की दृष्टि से स्थापित किया गया है।

चार चिन्हित प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों-हर घर जल योजना के माध्यम से स्वच्छ जल को बढ़ावा, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के माध्यम से स्वस्थ भारत को बढ़ावा, समग्र शिक्षा के माध्यम से एक समान और समावेशी कक्षा के वातावरण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा,



आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से समग्र विकास-संतृप्ति दृष्टिकोण पर विशेष ध्यान देने के साथ समग्र प्रगति में किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

इन चार चिन्हित कार्यक्रमों के लिए आठ पुरस्कार दिए जाएंगे, जबकि नवाचारों के लिए सात पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## पीएम आज भव्या मित्तल को करेंगे सम्मानित

**बुरहानपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिविल सर्विसेस डे पर आज दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले की कलेक्टर भव्या मित्तल को सम्मानित करेंगे। उन्हें यह सम्मान बुरहानपुर में जल जीवन मिशन के तहत संचालित हर घर नल से जल योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए दिया जा रहा है। कलेक्टर भव्या मित्तल ने बताया कि देशभर में जल जीवन मिशन के तहत अच्छा काम करने वाले बारह जिलों को चिह्नित किया गया था। इन जिलों का केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। इसमें बुरहानपुर जिले को पहला स्थान दिया गया है, जबकि दूसरे स्थान पर तेलंगाना का कांजीपुरम जिला है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री वहां के कलेक्टर को भी पुरस्कृत करेंगे। जल जीवन मिशन के तहत देश में सबसे पहले हर घर नल से जल पहुंचाने वाला जिला भी बुरहानपुर ही बना था। इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तत्कालीन कलेक्टर प्रवीण सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया था। अब प्रधानमंत्री मोदी जल जीवन मिशन के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बुरहानपुर कलेक्टर मित्तल को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर मित्तल प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताएंगी कि योजना शुरू करने के बाद उसे निरंतर संचालित रखने के लिए किस तरह की तैयारी प्रशासन ने कर रखी है।

## अमित शाह की अध्यक्षता में एससीओ के सदस्य देशों के विभाग प्रमुखों के साथ हुई बैठक, कहा

# आपदा से उत्पन्न खतरे कम करने के लिए अभिनव रणनीतियों की जरूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को आपात स्थितियों के निवारण और रोकथाम के लिए उत्तरदायी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विभाग प्रमुखों की एक बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न खतरों को कम करने के लिए हमें अभिनव रणनीतियों की जरूरत है।

अमित शाह ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में एससीओ क्षेत्र को भारी आर्थिक नुकसान वाली भीषण प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है और दुनिया में कई जगहों पर जलवायु परिवर्तन के कारण आए सूखा, बाढ़, तूफान और समुद्र के जलस्तर में वृद्धि से भारी तबाही हुई है और यह वैश्विक विकास के प्रति एक गंभीर खतरा बन गया है। इन प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न खतरों को कम करने के लिए हमें अभिनव रणनीतियों की जरूरत है। जिससे अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित विश्व का निर्माण संभव हो।


एससीओ के सदस्य देशों के विभाग प्रमुखों के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। ● एजेंसी

शाह ने कहा कि इस बैठक से सदस्य देशों के बीच सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नए अवसरों का पता लगाने और उनका पूरा लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और वैश्विक मंच पर एससीओ की भूमिका बढ़ाने में अपने अनुभवों को साझा करने के लिए इच्छुक है।

शाह ने कहा कि भारत पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। इसी भावना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। भारत दूसरे देशों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहा है। चाहे वह नेपाल में वर्ष 2015 में आया भूकंप रहा हो या फिर तुर्की में आए भूकंप की बात हो, भारत मानव सेवा में वसुधैव कुटुंबकम की भावना से काम करता रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम से वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश ने की मुलाकात

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपने कैंसर की बीमारी के चल रहे उपचार से संबंधित बातें साझा की। उन्होंने मुख्यमंत्री से कैंसर की बीमारी को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इससे इस बीमारी से ग्रसित होने वाले हर मरीज और होने वाली मौत का पंजीकरण होने के साथ संपूर्ण आंकड़ा भी सरकार के स्तर पर उपलब्ध होगा। साथ ही कैंसर बीमारी और उससे ग्रसित मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पॉलिसी बनाने में भी सहूलियत होगी। इस मौके पर उन्होंने खुद के कैमरे से क्लिक की गई मुख्यमंत्री की तस्वीरों का एल्बम सप्रेम भेंट की।मुख्यमंत्री ने उनका कुशलक्षेम जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### राज्य सरकार की नियोजन नीति के विरोध में भाजपा ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

**लोहरदगा :** भाजपा कुडू मंडल के नेतृत्व में नियोजन नीति में गड़बड़ी तथा राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बस स्टैंड के पास पुतला दहन किया गया। दरअसलख, राज्य सरकार पर नाकामियों का आरोप लगाकर भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री हेमेंत सोरेन का पुतला दहन किया। इस मौके पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने कहा कि राज्य की नाकाम सरकार लाठी के बल पर झारखंड के पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों को डराने का काम कर रही है। भाजपा सरकार से राज्य में 60-40 नियोजन नीति रद्द करने और राज्य हित में नियोजन नीति लागू करने की मांग करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इशारे पर प्रशासन ने छात्रों पर लाठियां बरसाई है, जिसमें दर्जनों छात्र-छात्राएं चोटिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति की मांग करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज करने के विरोध में आज भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया है। इस मौके पर नवीन कुमार टिंकू, संजय चौधरी, सुदामा प्रसाद, नवीन कुमार चुन्नू, आनंद यादव, मुन्ना यादव, आकाश कुमार राजा, वरुण बैठा, राजा गुप्ता, पप्पू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राज्य सरकार को आईना दिखाने का काम करेगी आजसू

**मेदिनीनगर :** हक अधिकार मांगने पर लाठी डंडा से आवाज दबाने वाली हेमंत सोरेने सरकार के खिलाफ जोरदार तरीके आवाज उठाया जायेगा। यह बातें गुरुवार को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन(आजसू) के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड स्वभाविक राज्य नहीं, बल्कि काफी कुबार्नी बलिदान के बाद बना है। वर्तमान सरकार बालू खदान वन उपज को लुटने का कार्य कर रही है। सतीश ने कहा की जल–जगंल–जमीन से जनता का अधिकार समाप्त हो रहा है। अब तो यहां के लोगों की पहचान ही समाप्त हो गई हैं। 1932 खतियान, स्थानीय और नियोजन नीति पर नौटंकी कर जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास किया जा रहा है। पिछड़ा वर्ग को आबादी के अनुपात में आरक्षण देने के बजाय आरक्षण समाप्त करने की साजिश रची गई। न्यायालय के आदेश की भी अवहेलना की जा रही है। युवाओं को 5 लाख रोजगार तो देना दूर की बात है अब तक बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता तक नहीं दिया गया है। महिलाओं को आत्मसम्मान तो दूर की बात है, स्वाभिमान से खेलवाड़ हेमंत सरकार कर रही है। उन्होंने कहाकि झारखंड आज अपने जन्मकाल से काफी पिछे चली गई है। आजसू पार्टी राज्य के निर्माण से लेकर अब तक नवनिर्माण में लगी है। 30 अप्रैल को भारी संख्या में प्रदेश भर से रांची चलकर हेमंत सोरेन सरकार को आईना दिखाने का काम किया जायेगा।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कोरोना संक्रमित, खुद को किया होम क्वारंटीन

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उनकी कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल वह कोरोना के हल्के लक्षणों के साथ होम क्वारंटीन में हैं। डॉक्टरों की एक टीम ने उनकी जांच की और उन्हें आराम करने की सलाह दी है। रक्षा मंत्री का 20 अप्रैल को नई दिल्ली में भारतीय वायु सेना के कमांडरों के एक सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम निर्धारित था लेकिन कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद अब वे इस कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाएंगे।

### सूरत कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम केस में सूरत कोर्ट से झटका लगा है। सूरत कोर्ट ने मोदी उपनाम वाले बयान को लेकर राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के फैसले पर रोक लगाने की उनकी याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। जिसको लेकर कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि सूरत कोर्ट के फैसले को लेकर वह अन्य कोर्ट जाएंगे। सिंघवी ने कहा कि उन्हें आशा है कि हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट सूरत कोर्ट के फैसले को ठीक करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास जितने भी कानूनी विकल्प हैं, उसमें हम अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करेंगे। सिंघवी ने कहा कि जो ओबीसी के अपमान की बात कह रहे हैं, अब उसका उल्टा असर हो रहा है। ओबीसी वर्ग समझ चुका है कि मोदी सरकार राजनीतिक रूप से उनके नाम का दुरुपयोग कर रही है। उल्लेखनीय है कि सूरत की अदालत ने राहुल गांधी एक मानहानि मामले में दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद कांग्रेस ने इस फैसले पर रोक लगाने के लिए कोर्ट में एक याचिका लगाई। जिसे आज सूरत कोर्ट ने खारिज कर दिया। ऐसे में कांग्रेस मामले को लेकर हाईकोर्ट का रुख कर सकती है।

### राष्ट्रपति निवास, मशोबरा को जनता के लिए 23 अप्रैल से खोला जाएगा

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज जनता के देखने के लिए राष्ट्रपति निवास, मशोबरा के उद्घाटन की शोभा बढ़ाई। यह सोमवार और अन्य सरकारी छुट्टियों को छोड़कर 23 अप्रैल से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच आगंतुकों के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार आगंतुक अंदर से 173 साल पुरानी हेरिटेज बिल्डिंग की झलक देख सकते हैं। वे इसके लॉन, बागों और प्राकृतिक पगडंडियों से भी चल सकते हैं। आगंतुकों की सुविधा के लिए कपड़द्वार, व्हीलचेयर, कैफे, स्मारिका दुकान, शौचालय, पानी निकालने की मशीन और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाएगी। इससे पहले दिन में राष्ट्रपति ने शिमला में भारतीय उन्नत अध्ययन संस्थान का दौरा किया, जिसे भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एस. राधाकृष्णन द्वारा स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य मानविकी, सामाजिक विज्ञान और प्राकृतिक विज्ञान में उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक कार्यों को बढ़ावा देना था।

### गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल के खिलाफ लामबंदी, ममता ने किया स्टालिन को फोन

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपाल के खिलाफ विपक्ष को लामबंद करने की कवायद को हवा दे दी है। इसी क्रम में ममता ने गुरुवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से फोन पर बातचीत की। स्टालिन ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी सार्वजनिक की है।स्टालिन ने ट्विटर पर लिखा, ञ्पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुझे फोन किया था। गैर भाजपा शासित राज्यों के राज्यपालों के अलोकतांत्रिक गतिविधियों के खिलाफ हम लोगों ने जो कदम उठाया है, उसकी सराहना की है और सभी गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को एकजुट होकर ऐसे ही कदम उठाने का परामर्श दिया है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रॉबी पर स्टालिन सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगा रहे हैं।

# हाईकोर्ट ने पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग और परिवहन पर लगी रोक हटायी

## महाधिवक्ता के आग्रह पर कोर्ट ने संशोधित आदेश किया पारित, अवैध माइनिंग पर रोक रहेगी जारी



**विशेष संवाददाता, रांची।**

पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने संशोधित आदेश पारित करते हुए पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग एवं मिनिरल की लीज प्राप्त कंपनियों द्वारा की जा रही वैध माइनिंग पर से रोक हटा ली है। लीगल माइनिंग करने वाली कंपनियों पर खनन एवं उसके परिवहन को लेकर हाईकोर्ट का रोक का आदेश प्रभावित नहीं होगी, यानी ये कंपनियां अपनी माइनिंग गतिविधियां उक्त 3 जिलों में कर सकते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार को अवैध माइनिंग पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि उक्त तीनों जिला में कोर्ट के आदेश के से पूर्ण रूप से माइनिंग गतिविधियों जिनमें कोयला बॉक्साइट आयरन अयस्क आदि भी शामिल है उनके खनन और परिवहन पर भी रोक लग गई है। बहुत सारी ऐसी कंपनियां है जो लीगल रूप से वहां पत्थर , कोयला, बॉक्साइट, लौह अयस्क बालू आदि का माइनिंग कर रही है। उन्हें सरकार की ओर से लीज और खनन के लिए लाइसेंस भी मिला हुआ है। महाधिवक्ता ने कोर्ट को वैध माइनिंग करने वालों कंपनियों की सूची भी सौंपी और वैध रूप से माइनिंग करने वाली कंपनियों को खनन एवं परिवहन का अनुमति देने का आग्रह किया था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने उक्त तीनों जिलों के डीसी को निर्देश दिया था कि मामले में गठित स्पेशल कमेटी की रिपोर्ट आने तक तीनों जिलों में वैध और अवैध खनन एवं उसके परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि कोर्ट के आदेश के आलोक में स्पेशल कमेटी गठित की गई है। जिसकी अध्यक्षता आईजी पुलिस सीआईडी कर रहे हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 26 अप्रैल निर्धारित की थी। दरअसल, यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपए की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है, लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था। प्रार्थी का कहना था पलामू सहित कुछ जिलों में अवैध माइनिंग में अरबों का पैसों का खेल चलता है। इसकी रोकथाम होनी चाहिए। सरकार के जो अधिकारी इस अवैध माइनिंग में संलिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

### गलत शपथ पत्र दाखिल करने के मामले में जमशेदपुर एसएसपी हाईकोर्ट में सशरीर हुए उपस्थित

**रांची :** हाईकोर्ट में एक क्रिमिनल अपील पर सुनवाई के दौरान एक सजायाफ्ता के आपराधिक इतिहास को लेकर गलत शपथ पत्र दाखिल करने के मामले में जमशेदपुर के एसएसपी हाईकोर्ट में गुरुवार को सशरीर हाजिर हुए। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने उनसे गलत शपथ पत्र दाखिल करने का कारण पूछा। इस पर उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस के पोर्टल में आपराधिक इतिहास से संबंधित डाटा अपडेट नहीं रहने के कारण ऐसा हुआ है। उन्होंने कोर्ट को आश्वस्त किया गया अब अपराधिक इतिहास प्रस्तुत करने से पहले पुलिस अधिकारी निचली अदालत में भी वेरीफाई कर ही अपडेट अपराधिक इतिहास हाईकोर्ट में प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने की बात भी उन्होंने कोर्ट में कही। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस के पोर्टल में अभियुक्तों का जो आपराधिक इतिहास का डाटा था, उसी के आधार पर अभियुक्त का आपराधिक इतिहास हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया गया था, वह डाटा अपडेट नहीं था।

## कोर्ट ने झारखंड में साइबर क्राइम मामले में गृह मंत्रालय और ट्राई से मांगा जवाब

**रांची :** झारखंड के देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटना की रोकथाम को लेकर मनोज कुमार राय की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई ) की ओर से कोर्ट को बताया कि साइबर अपराध उसके क्षेत्राधिकार का विषय नहीं है, यह विषय नीतिगत फैसले से जुड़ा है जो की भारत सरकार के गृह मंत्रालय के क्षेत्राधिकार में आता है। इस पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में ट्राई और भारत सरकार के गृह मंत्रालय को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 22 जून निर्धारित की। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मामले में ट्राई को प्रतिवादी बनाया था। कोर्ट ने पूर्व में प्रार्थी के हस्तक्षेप याचिका (आईए) के आलोक में ईडी से भी पूछा था कि देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटनाओं में कितने साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई और कितने साइबर अपराधियों की प्रॉपर्टी सीज की गई है। प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड के देवघर, जामताड़ा और साहिबगंज में साइबर अपराधी सक्रिय हैं। इनके द्वारा बड़े पैमाने पर झारखंड से साइबर क्राइम की घटना को अंजाम दिया जाता है। साइबर अपराधी झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं। पुलिस का साइबर सेल है लेकिन यह खास एक्टिव नहीं है। ऐसे में साइबर अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है, इन पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है।

## झारखंड में जनहित याचिका का हो रहा दुरूपयोग : हाईकोर्ट

**रांची :** माओवादियों को लेवी वसूली के लिए झारखंड में कार्यालय उपलब्ध कराने आग्रह करने वाली अनुरंजन अशोक की जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को कड़ी मौखिक टिप्पणी की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक कहा कि प्रतीत होता है कि झारखंड हाईकोर्ट में पिछले तीन-चार वर्षों में जनहित याचिका (पीआईएल) फाइल करने में मिसयूज हुआ है। इतनी जनहित याचिका शायद ही किसी राज्य में फाइल होता है। कोर्ट की नाराजगी को देखते हुए प्रार्थी के अधिवक्ता ने जनहित याचिका को वापस लेने का आग्रह कोर्ट से किया, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से अधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की है। प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि झारखंड में माओवादियों के लिए एक कार्यालय स्थापित करने का आदेश दिया जाए ताकि लेवी वसूली का काम सुचारू ढंग से हो सके।

## बच्चू यादव को मिली जमानत फिलहाल जेल ही होगा ठिकाना

**रांची :** मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के करीबी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी बच्चू यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुना दिया है। दोनों पक्षों की बहस पूरी सुनने के बाद हाईकोर्ट ने बच्चू यादव की बेल पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बच्चू की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए उसे जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। लेकिन फिर भी बच्चू यादव अभी जेल में ही रहेगा। क्योंकि बच्चू पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस भी चल रहा है। गौरतलब है कि बच्चू यादव के खिलाफ साहेबगंज के मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 91 दर्ज की गई है। बता दें कि अवैध खनन और टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने के मामले की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने बच्चू यादव को रांची से गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। ईडी साहिबगंज में 26 जुलाई 2022 को दाहू यादव और बच्चू यादव के एक जहाज को भी जब्त कर चुकी है।

## हाईकोर्ट : अपर बाजार में सुगम यातायात व्यवस्था की राज्य सरकार ने दी जानकारी

**रांची :** राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित कॉमर्शियल भवनों के बेसमेंट में दुकान चलाने एवं संकरी गली के कारण आए दिन होने वाले जाम की स्थिति को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। एसएसपी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। इसमें कोर्ट को बताया गया की अपर बाजार में सुगम यातायात के लिए वनवे की व्यवस्था की गई थी इसके अलावा अपर बाजार सहित शहर के अन्य सड़कों का अतिक्रमण करने वाले वाहनों को भी जब्त किया गया और उनका चालान काटा गयाा। रांची शहर में हो रहे नए ब्रिज के निर्माण को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करने के लिए अपर बाजार में अभी वनवे की व्यवस्था को कुछ दिनों के लिए हटाया गया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 25 अप्रैल निर्धारित की है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। इससे पूर्व कोर्ट ने पिछली सुनवाई में पूछा था कि कोर्ट के पूर्व के आदेश के आलोक में अब तक क्या? क्या कार्रवाई की गई है। उसकी अद्यतन स्थिति कोर्ट ने सचिव, नगर विकास विभाग, रांची एसएसपी एवं ट्रैफिक एसपी से मांगी थी। अपर बाजार में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए क्या-क्या उपाय किए गए। डीजी फायर को भी कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि अपर बाजार के क्षेत्र में कितने भवनों में आग से बचाव के लिए उपाय किए गए हैं।मामले को लेकर सेंटर फॉर आरटीआई की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है।

## पांच जिलों के 250 सब-इंस्पेक्टर को दी गयी पासपोर्ट वेरिफिकेशन की जानकारी

**वरीय संवाददाता, रांची।**

रांची के डोरंडा स्थित जैप- एक ऑडिटोरियम में गुरुवार को एक दिवसीय पासपोर्ट सत्यापन सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम, प्रशिक्षु पुलिस अधीक्षक रित्विक श्रीवास्तव सहित भारतीय विदेश सेवा की वरीय पदाधिकारी मिस मनिता और क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अनेक वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

इस सेमिनार में रांची क्षेत्र के पांचों जिला गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी और रांची के करीब 250 सब-इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी ने भाग लिया। इस मौके पर अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों को पासपोर्ट वेरिफिकेशन की जानकारी दी। साथ ही पासपोर्ट वेरिफिकेशन में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसके अलावा 15 दिन में पासपोर्ट देने का नियम का भी पालन करने को कहा गया है। साथ ही टैब के माध्यम से वेरिफिकेशन करने को कहा गया है, जिससे कागजात में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।



एक दिवसीय पासपोर्ट सत्यापन सेमिनार में शामिल अधिकारी ● फोटोन न्यूज

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**रांची :** नगर में ओरमांझी भेड़ा पुल के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ-33 पर बुधवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त सिकंदर गंझु (24) के रूप में की गई है और वह सीसीएल कर्मी था। बताया गया कि हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के देवगढ़ निवासी सिकंदर की ओरमांझी के मनातू गांव में ससुराल थी। मृतक के ससुर घुरन गंझू ने बताया कि सिकंदर बुधवार को हमारे घर आए थे। देर शाम को वह अपनी बुलेट बाइक से अपने दोस्त से मिलने ओरमांझी गए थे। वहां से लौटने के दौरान भेड़ा पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## वाहनों की रफ्तार कम करने के लिए खेलगांव में बनाया जाएगा गोलचक्कर

### ट्रैफिक एसपी ने उपायुक्त को भेजा प्रस्ताव, जल्द शुरू होगा काम

**वरीय संवाददाता, रांची।**

सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए खेलगांव मोड़ पर गोलचक्कर बनेगा। चौराहा का रूप देकर ट्रैफिक पोस्ट बनाया जाएगा। खेलगांव मोड़ के आसपास दोनों ओर स्पीड लिमिट से संबंधित स्लोगन लगाये जाएंगे। साथ ही, आधुनिक डिवाइडर बनाये जाएंगे। इसको लेकर ट्राफिक पुलिस ने प्रस्ताव बनाकर उपायुक्त को भेजा है। इसपर जल्द कार्रवाई होगी। पुलिस की जांच में इस बात की जानकारी मिली है कि खेलगांव सड़क पर लगातार दुर्घटनाएं होती हैं और लोगों की जान जाती है। पुलिस का कहना है कि खेलगांव चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरा से उन वाहनों को चिन्हित किया जाएगा जो तेज गति से वाहन चलाकर गुजरेंगे। उन वाहनों का चालान काटा जाएगा और जुमार्ना वसूला जाएगा।

**ट्रैफिक पोस्ट के अंदर बैठे रहते हैं जवान इस वजह से नहीं होती है कार्रवाई :** खेलगांव चौक के समीप ट्रैफिक पोस्ट का निर्माण हुआ है। जवान ज्यादतर समय पोस्ट के अंदर ही मौजूद रहते हैं। इस वजह से चौक के पास तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहन चालक पुलिस की पकड़ में नहीं आते हैं। पुलिस की रोक टोक नहीं होती है इस वजह से आए दिन वहां सड़क दुर्घटना होती है। जवानों को बार बार आदेश दिया जाता है कि वाहनों पर नजर रखें लेकिन जवानों को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

### खेलगांव रोड में स्टंट करते हैं बाइक सवार

खेलगांव स्थित बाबा चौक से लेकर जेल तक बाइक सवार स्टंट करते हैं। लोगों के द्वारा खेलगांव पुलिस को बार बार सूचना दी जाती है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। युवक स्टंट करते हुए फोटोग्राफी करते हैं। स्टंट करने के दौरान कई युवक जख्मी हो चुके हैं। तेज रफ्तार से बाइक चलाने पर उस सड़क पर चलने वाले लोग भी घायल होते हैं।

### काफी देर तक उठती रहीं आग की लपटें और धुएं का गुबार

## रांची में वाटर टैंक फैक्ट्री में लगी भीषण आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, लाखों का नुकसान



टैंक फैक्ट्री में लगी आग से निकलता धुएं का गुबार ● फोटोन न्यूज

**वरीय संवाददाता, रांची।**

रांची में वाटर टैंक फैक्ट्री में भीषण आग लगी। फैक्ट्री रांची के अनगड़ा के बेरवारी इलाके में मौजूद है। फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया गया लेकिन फैक्ट्री को काफी नुकसान पहुंचा है। आग पर काबू पाने में स्थानीय लोगों ने भी फायर ब्रिगेड की मदद की। घटना जेके पॉली पानी टंकी की फैक्ट्री में हुई। आग सुबह ही लगी और इसमें लाखों का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी इसकी जानकारी अब तक नहीं मिल पाई है। आग लगने के बाद काफी देर तक आसमान में लपटें उठती रही। आसपास के गांव में खौफ था। अनगड़ा थानेदार फायर ब्रिगेड के साथ पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक सुबह में आग लगी। आग पर काबू पाने के बाद में यह भी पता लगाने की कोशिश की गयी है कि आग कैसे लगी। पानी टंकी फैक्ट्री लगभग पूरी तरह जलकर खाक हो गयी।

**कंपनी को हुआ लाखों का नुकसान :** इस आग में लाखों का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी इसे लेकर अभी अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। आग सुबह इसलिए भी फैली क्योंकि फैक्ट्री में जिस वक्त आग लगी वहां कम लोग मौजूद थे इसी वजह से किसी की नजर आग पर नहीं पड़ी और आग फैलती चली गयी।

## हीट आइलैंड इफेक्ट की चपेट में रांची, तापमान 40 के पार

**वरीय संवाददाता, रांची।**

हिल स्टेशन के नाम से मशहूर राजधानी रांची की बढ़ती गर्मी ने यहां के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। धीरे धीरे रांची शहर हीट आइलैंड इफेक्ट के प्रभाव में आ रहा है। बढ़ती आबादी, बढ़ते वाहन एवं बढ़ती ऊंची इमारतें इस प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस प्रक्रिया में कंक्रीट के जंगल एवं ऊंची इमारतें गर्मी को वापस वातावरण में उत्सर्जित करके शहर को गर्म करती है तथा हवाओं के बहने पर भी प्रभाव डालती है। यही कारण है कि मध्य अप्रैल में ही रांची का तापमान 40 के पार जा चुका है। उक्त बातें पर्यावरणविद डा नीतीश प्रियदर्शी ने कही। उन्होंने बताया कि समुद्रतल से रांची की ऊंचाई औसतन 600 मीटर है। जिसके चलते मैदानों की तुलना में बादल यहां कम ऊंचाई पर ही बनते हैं। अब रांची शहर में ऊंची इमारतों से उठती हुई गर्म हवा इन बादलों को शहर के बाहर धकेल रही हैं। जिस वजह से रांची के आसपास की जगहों में तो वर्षा हो रही है लेकिन रांची शहर इससे वंचित है। रांची शहर के आसपास नंगे पहाड़ों की वजह से भी गर्म हवा उठ रही हैं। यही नहीं बढ़ते शहरीकरण की वजह से यहां की मिट्टी या तो दब गई हैं या तो ठोस हो गई हैं और वो सारी गर्मी को वापस वातावरण में लौटा कर गर्मी को बढ़ा रही हैं। रांची शहर की अपनी जलवायु है जो यहां की ऊंची इमारतों की वजह से प्रभावित हो रही हैं। गर्म हवाएं इनमें फंसकर ऊपर उठकर बादलों को धकेल देती हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### ईद पर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

**रांची :** ईद पर्व के मद्देनजर राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के लिहाज से राज्य में छह हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। राजधानी रांची में लगभग दो हजार जवानों की तैनाती की गयी है। पुलिस मुख्यालय ने सभी एसएसपी और एसपी को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष नजर रखने और लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा रांची और पूर्वी सिहंभूम (जमशेदपुर) में विशेष तौर पर बम निरोधक दस्ते और अश्रु दस्ता की तैनाती की गई है। जवानों की तैनाती गुरुवार से लेकर 24 अप्रैल तक की गई है। इसे लेकर आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि ईद पर्व को लेकर राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है। पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गयी है। साथ सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है।

### सिविल कोर्ट के अधिवक्ता 25 को काला बिल्ला लगाकर करेंगे कार्य

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता 25 अप्रैल को काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य करेंगे। यह निर्णय रांची जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। रांची जिला बार संघ के महासचिव संजय विद्रोही ने गुरुवार को बताया कि इस संबंध में रांची सिविल कोर्ट के सभी वकीलों को सूचना दे दी गयी है। रांची सिविल कोर्ट के वकीलों से आग्रह किया गया है कि वे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर एकजुटता दिखाने के लिए काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्यों में शामिल हो। उन्होंने कहा कि एक्ट लागू होने के बाद सभी अधिवक्ता अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे।

### कोरोना के मिले 51 नए मरीज, एक्टिव केस 264

**रांची :** झारखंड में कोरोना के मरीज दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। राज्य में 51 नए कोरोना के मरीज मिले हैं। राज्य में कुल एक्टिव केस 264 हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार कोरोना के नए मामलों में रांची में 14, धनबाद और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर ) में आठ- आठ, बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह एवं गोड्डा में एक एक, देवघर में नौ, हजारीबाग में तीन, लातेहार, रामगढ़ पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा में एक-एक मरीज मिले है। जबकि राज्य में कोरोना के 13 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में सबसे अधिक 72 केस राजधानी रांची में एक्टिव है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत सामलौंग में गुरुवार को 70 वर्षीय बुजुर्ग पदुमलाल दूबे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। स्वजनों के अनुसार वुधवार की रात खाना खाने के बाद पहले तल्ले पर स्थित कमरे में सोने चले गए थे। घरवालों ने गुरुवार की सुबह देखा तो उन्होंने गमछा के सहारे फांसी लगा ली थी। मृतक के बेटे सुमन लाल दूबे ने यूडी का केस दर्ज कराया है। सुमन के अनुसार उनके पिता बीमार रहते थे। जिसकी वजह से तनाव में रहते थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### डेली मार्केट थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**रांची :** शहर में ईद को देखते हुए डेलीमार्केट थाना में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी ने शांति समिति के सदस्यों से की मांग पर विचार किया और उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा ने किया गोला एवं दुलमी प्रखंड का दौरा

# ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना के तहत हो रहे कार्यों का लिया जायजा

**संवाददाता, रामगढ़।**

गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला एवं दुलमी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गोला प्रखंड के कुम्हारदगा एवं दुलमी प्रखंड के भयपूर क्षेत्र में डीएमएफटी अंतर्गत ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना के तहत हो रहे कार्यों का जायजा लिया।

मौके पर उपायुक्त ने ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना के तहत अब तक हो चुके कार्यों की जानकारी परियोजना निदेशक आत्मा, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पीपीआई फेलो एवं चयनित एजेंसी अवतार फाउंडेशन के अधिकारियों से लेने के उपरांत जमीन की घेराबंदी, ऑर्गेनिक खेती हेतु मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने व किसानों के प्रशिक्षण सहित अन्य कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर जैविक खेती का कार्य शुरू करने का निर्देश दिया।


ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेती उपायुक्त। ● द फोटोन न्यूज

इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को परियोजना के सफल आयोजन हेतु किसानों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण देने व ऑर्गेनिक फार्मिंग से जुड़ी उनकी किसी भी प्रकार की दुविधा को दूर करने, संबंधित क्षेत्र में अन्य जरूरतमंद किसानों को भी परियोजना से जोड़ने आदि के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही दौरे के क्रम में उपायुक्त ने उपस्थित किसानों को ऑर्गेनिक फार्मिंग के फायदे एवं इसके माध्यम से किसानों को अपनी आय बढ़ाने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उन्हें ऑर्गेनिक खेती कर अपनी आजीविका सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित किया।

वर्तमान समय में ऑर्गेनिक फार्मिंग के महत्व को समझते हुए उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा जिला प्रशासन रामगढ़ के अधिकारियों को विशेष योजना बनाकर इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया गया था जिसके उपरांत जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ जिले के सभी प्रखंडों में प्रत्येक प्रखंड कम से कम 15 एकड़ भूमि पर स्थानीय किसानों को चिन्हित कर उन्हें ऑर्गेनिक कृषि संबंधित तकनीकों की जानकारी एवं विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए डीएमएफटी के न्यास परिषद द्वारा अनुमोदन दिया गया जिसके उपरांत अवतार फाउंडेशन के साथ जिला प्रशासन रामगढ़ का एमओयू हुआ। वर्तमान में आर्गेनिक फार्मिंग परियोजना जिले के सभी 6 प्रखंडों में संचालित है एवं प्रत्येक प्रखंड में 50-50 कुल 300 लाभुक किसानों को योजना से जोड़ा गया है। अवतार फाउंडेशन द्वारा किसानों को ऑर्गेनिक फार्मिंग के विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी जा रही है एवं सभी को तकनीक से ज्यादा से ज्यादा फायदा लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। संस्था के द्वारा किसानों को आवश्यक सामग्री यथा बीज, खाद आदि उपलब्ध कराने का कार्य भी किया जा रहा है। साथ ही साथ संस्था के द्वारा ऑर्गेनिक तरीके से उपजाए गए फसलों, अनाजों आदि को बेहतर बाजार एवं किसानों को सही मूल्य उपलब्ध कराने का कार्य भी किया जाएगा वही संस्था के द्वारा किसानों को ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन देने का भी कार्य किया जाना है।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में नीति आयोग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न


समीक्षात्मक बैठक करते डीडीसी व उपस्थित अधिकारीगण। ● द फोटोन न्यूज

**संवाददाता, रामगढ़।**

गुरुवार को नीति आयोग की समीक्षात्मक बैठक जिलान्तर्गत बी ब्लॉक के सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिंहा की अध्यक्षता में की गयी। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों के लिए जारी किए जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले के रैंक में काफी सुधार हुआ हैं। जनवरी माह में रामगढ का डेल्टा रैंकिंग 111 था और फरवरी माह में 8 रहा जिसको लेकर समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी विभाग के सम्बंधित अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही उन्होंने नीति आयोग के सभी सूचकांकों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपस मे समन्वय कर ससमय आकांक्षी जिला कोषांग को जानकारियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## शांतिपूर्ण तरीके से ईद मनाने को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद ने की शांति समिति की बैठक

**संवाददाता, लोहरदगा।**

ईद के त्योहार को देखते हुए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को जिला परिषद स्थित सभागार में हुई। बैठक में सभी प्रखण्डों से जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि कि बीते माह लोहरदगा जिला में पर्व काफी सौहार्द्रपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाये गये थे। उन्होंने कहा कि ईद शांति का पैगाम देने वाला त्योहार है। इसे सभी शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि ईद खुशियों का त्यौहार है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर आप सभी नियंत्रण रखें। लोहरदगा जिला प्रशासन हमेशा आपके सहयोग के लिए तत्पर है। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने ईद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।


शांति समिति की बैठक में मौजूद लोग। ● द फोटोन न्यूज

बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल के अलावा सभी प्रखंडों से आये शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने प्रखंडों की बात रखी। बैठक में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या को भी रखा गया। इस पर उपायुक्त ने विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को समस्याओं के समाधान करने का निर्देश दिया। सेन्हा में 'द रियल इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम' के नाम पर एक व्यक्ति के लोगों रुपये लिए जाने की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी सेन्हा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में अंजुमन इस्लामिया ने बताया कि जिले में ईद की नमाज ईद के दिन सुबह 7.30 बजे से 8.30 के बीच विभिन्न मस्जिदों में पढ़ी जाएगी। पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखण्डों में फ्लैग मार्च कराने का निर्देश दिया।

बैठक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी के साथ-साथ अंजुमन इस्लामिया, महावीर मंडल के सदस्य, प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।

सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में हुई दिशा की बैठक

## की गई विकास योजनाओं की समीक्षा

**संवाददाता, मेदिनीनगर।**

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की एक बैठक गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई और विभिन्न विभागों के कार्यों में आ रही कमियों से अध्यक्ष को अवगत कराया गया। बैठक में अध्यक्ष ने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कई जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र अंतर्गत सड़क, पुल, पुलिया, कब्रिस्तान की चारदीवारी और अन्य तरह के योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास की जानकारी विभाग से न मिलने का मामला भी उठाया।



बैठक करते सांसद विष्णु दयाल राम व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम ने गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने बारालोटा जलापूर्ति योजना से रेगुलर जलापूर्ति होने पर बल दिया। इस दौरान पांकी विधायक ने नीलांबर-पिताम्बरपुर व पांकी में भी जलापूर्ति नहीं किये जाने का मामला उठाया। इस पर जवाब देते हुए पेयजल के कार्यपालक अभियंता ने बोरिंग सूख जाने के कारण जलापूर्ति बाधित होने की बात कही। इस पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को दोनों ही स्थानों पर डीप बोरिंग कर जलापूर्ति को नियमित करने की बात कही। इसी तरह पाटन के किशुनपुर में आ रही जलापूर्ति से संबंधित अड़चनों को दूर करने की बात कही। साथ ही स्पॉट पर प्रमुख के साथ जाने व निरीक्षण करने की बात कही।

बैठक में बिजली विभाग से संबंधित फर्जी बिल, दो-दो कनेक्शन व अधिक बिल से संबंधित मामले भी प्रकाश में आये। उपायुक्त ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को जिले के प्रत्येक प्रखंडों में विभाग से जुड़े समस्याओं का निराकरण के लिए एक-एक सुविधा केंद्र खोलने की बात कही। इसके लिए बीडीओ भी सहयोग करेंगे।

बैठक में मनरेगा की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने जिले में मनरेगा मजदूरों की जानकारी ली और मानव दिवस सृजन बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, अधिकारी इसका ख्याल रखें। बैठक में सांसद ने अन्य सभी अलग-अलग विभागों की समीक्षा के दौरान जानकारियों से अवगत हुए साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों के प्रति नाराजगी भी जाहिर की। इसी तरह अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी-अपनी बातें रखीं।

योगेंद्र यादव ने सहायक विद्युत अभियन्ता को सौंपा पत्र

## 11000 वोल्ट के तार को किन्नी मैदान के बगल से ले जाने की राखी मांग

**भुरकुंडा रामगढ़।**

सुरक्षा को लेकर झामुमो नेता ने बुधवार को विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को पत्र सौंपा है। पत्र में योगेंद्र यादव ने कहा है की पतरातू प्रखंड के किनी ग्राउण्ड के बहुत नजदीक से बीचो-बीच 11000 वोल्ट का तार गुजरा है। जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इस ग्राउण्ड में सैकड़ों लोग प्रतिदिन व्यायाम, खेलकूद करते हैं। साथ ही इस मैदान में हर वर्ष सोहराय डायर जतरा मेला का आयोजन हजारों लोगों की उपस्थिति में किया जाता है। लेकिन उक्त 11000 वोल्ट के तार के कारण लोगों में हमेशा दहशत और डर का माहौल बना रहता है। क्योंकि यहां कभी भी बड़ी घटना घटने से इंकार नहीं किया जा सकता। इस गांव के लिए मात्र एक यही ग्राउण्ड है।


पत्र सौंपते झामुमो नेता योगेंद्र यादव। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने सुरक्षा को देखते हुए 11000 वोल्ट के तार को साईड से ले जाने की मांग की है ताकि डर और भय का माहौल खत्म हो सके। पत्र के माध्यम से श्री यादव ने आग्रह पूर्वक कहा है की हमारी मांगों पर जल्द पहल किया जाये ताकि किसी तरह का जान-माल का नुकसान ना हो।

जिसके हाथों में होनी चाहिए कॉपी-पेंसिल, वह सड़क किनारे करता है ग्राहकों का इंतजार

# पढ़ाई-लिखाई की उम्र में बच्चे बेच रहे मधु

**संवाददाता, खूंटी।**

वैशाख महीने की दोपहर में चिलचिलाती धूप में सड़क किनारे यदि कोई बच्चा पेट और परिवार के लिए सामान बेचता दिख जाए, तो एक बार आप भी सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि जिस उम्र में बच्चे के हाथों में कॉपी-पेंसिल होनी चाहिए, वह सड़क किनारे दो पैसे कमाने की फिक्र में चिलचिलाती धूप में बैठा सामान बेच रहा है।


सड़क किनारे मधु बेचता अबोध बालक। ● द फोटोन न्यूज

आखिर सरकार का यह नारा कि कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे, कहां तक सार्थक हो रहा है। मन को टिस पहुंचाने वाला कुछ ऐसा ही नजारा खूंटी-तोरपा रोड पर मुंडा कुंजला गांव के पास देखने को मिला, जहां महज छह-सात साल का एक बच्चा चिलचिलाती धूप में बैठकर मधु बेच रहा था। पूछने पर वह इतना ही बता पाया कि वह गया का रहने वाला है। इसके अलावा उसे न अपने गांव या थाना के बारे में कोई जानकारी है। उसने अपना नाम गोलू बताया। उसने बताया कि उसकी मां गया में रहती है। वह अपने पिता के साथ मधु बेचने खूंटी आया है। बच्चे का पिता पेड़ों से मधुमक्खी के छाता से मधु निकालते हैं और वह सडक किनारे मधु बेचता है। उसके पिता दूसरी जगह दुकान लगाते हैं। उसने बताया कि वह चार सौ रुपये प्रति किलो की दर पर मधु बेचता है। गोलू ने बताया कि उसने कभी स्कूल का मुंह नहीं देखा है। इसलिए उसे अक्षर ज्ञान भी नहीं है। गोलू ने कहा घर में पैसा नहीं था, इसलिए वह कभी स्कूल नहीं गया।

### शिक्षा विभाग के मुंह पर तमाचा है: अनिल भगत

ऐसे निरक्षर बच्चों के बारे में पूछे जाने पर ग्रामीण विकास विभाग के मास्टर ट्रेनर और तोरपा प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख अनिल भगत कहते हैं कि बच्चों का इस तरह रोटी के लिए अपनी जान को दांव पर लगा देना सरकार और शिक्षा विभाग के मुंह पर तमाचा है। उन्होंने कहा कि झारखंड हो या बिहार, सभी जगहों पर सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर काफी नीचा है। शिक्षकों को पढ़ाने के बदले गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता है। भगत ने कहा कि जब तक शिक्षा के बारे में लोगों में जागरुकता नहीं आएगी, तब तक ऐसे दृश्य दिखते ही रहेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### अधेड़ व्यक्ति का मिला शव, हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर :** जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के भंडार पंचायत अंतर्गत टोना गांव में गुरुवार को राम सेवक पांडेय का शव मिला है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक की हत्या किसी धारदार हथियार से प्रहार करके की गई है। यह मामला जमीनी विवाद से भी जुड़ा हो सकता है। घटना को अज्ञात लोगों ने अंजाम दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर छानबीन में जुट चुकी है। हत्या का कारण और हत्या में शामिल लोगों का पता लगाया जा रहा है।

### डंपर व ट्रेलर के बीच टक्कर, चालक घायल

**खूंटी :** खूंटी-तमाड़ रोड पर सायको थाना क्षेत्र के रोगो गांव के पास गुरुवार को एक ट्रेलर और डंपर के बीच सीधी टक्कर हो गई, जिसमें ट्रेलर का चलक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद सायको थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल ट्रेलर चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। दो वाहनों की हुई टक्कर के बाद खूंटी-तमाड रोड जाम हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद तीन घंटे के बाद सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटाया गया और आवागमन शुरू हो सका।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**रांची :** नगर में ओरमांझी भेड़ा पुल के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ-33 पर बुधवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइकसवार व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त सिकंदर गंझु (24) के रूप में की गई है और वह सीसीएल कर्मी था। बताया गया कि हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के देवगढ़ निवासी सिकंदर की ओरमांझी के मनातू गांव में ससुराल थी। मृतक के ससुर घुरन गंझू ने बताया कि सिकंदर बुधवार को हमारे घर आए थे। देर शाम को वह अपनी बुलेट बाइक से अपने दोस्त से मिलने ओरमांझी गए थे। वहां से लौटने के दौरान भेड़ा पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में सेंट मैरियम्स स्कूल के दो छात्र करेंगे प्रतिनिधित्व

**मेदिनीनगर :** रोलर स्केटिंग फेडरेशन के तत्वावधान में पहली बार ढ़ेलपुर मोहाली, पंजाब में 27 से 2 मई तक आयोजित प्रथम नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2023 में सेंट मैरियम्स स्कूल के दो छात्र पलामू जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। गुरुवार को यह जानकारी देते हुए सेंट मैरियम्स स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बताया कि 11 से 14 साल ग्रुप में विवेक टोप्पो और प्रियांशु कुमार को जिले से चयनित किया गया था। विवेक का बेहतरीन प्रदर्शन देखते हुए तीन रेस में भाग लेने का अवसर दिया गया है। प्रियांशु कुमार को दो रेस में भाग लेने का मौका मिलेगा। उन्होंने बतायाकि दोनों खिलाड़ी लगातार अभ्यास और कोच चन्दन कुमार के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर नेशनल चैम्पियनशिप में मेडल जीतेंगे।पलामू डिस्ट्रिक रॉलर स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद सिंह, सचिव राजन सहाय, कोषाध्यक्ष आशीष सोनी, उप सचिव व सभी पदाधिकारियों और कोच रविरंजन प्रसाद का भी बच्चों के प्रशिक्षण में काफी सहयोग रहा है।

### आर्म्स एक्ट के दो लोगों को पांच-पांच साल की सजा

**कोडरमा :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की कोर्ट ने कोडरमा थाना में रिवाल्वर के दम पर टेंपो लूटने के मामले में दो आरोपितों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर पांच-पांच हजार का जुमार्ना भी लगाया है। गुरुवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की कोर्ट ने अंडर सेक्शन 25 (1)-(बी) आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए देवी मंडप रोड, तिलैया निवासी सिकंदर यादव पुत्र रघु यादव और तीनतारा थाना कोडरमा निवासी प्रदीप मंडल पुत्र स्वर्गीय दशरथ साव को पांच-पांच साल का सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। कोर्ट ने दोनों पर 5-5 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना नहीं दिए जाने पर आरोपियों को 1-1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### धनंजय कुमार पुटूस बने अखिल भारतीय मजदूर संगठन रामगढ़ के जिला अध्यक्ष

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय मजदूर संगठन की बैठक रामगढ़ जिला के अरगड्डा स्थित पंचायत सचिवालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता विवेक बाल्मीकि एवम संचालन मनीष कुमार व अमितेश बाल्मीकि ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से रामगढ़ विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ चुके धनंजय कुमार पुटूस को रामगढ़ जिला अध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष विवेक बाल्मीकि की उपस्थिति में राष्ट्रीय सचिव मुकेश बागड़ी द्वारा धनंजय कुमार पुटूस के नाम की आधिकारिक घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन द्वारा राज्य में मजदूरों के हित मे कार्य किये जा रहे हैं। रामगढ़ जिला में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से धनंजय जी को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि मजदूरों के हक और अधिकार के लिए हमेशा आवाज उठाया जाएगा। मजदूरों के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ पूरे जिला में रणनीति बना कर मजदूरों को उनका हक दिलाया जाएगा। बैठक में रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो की संख्या में आए मजदूर उपस्थित हुए।

### रामगढ़ जिला युवा कांग्रेस ने यंग इंडिया बोल सीजन 3 को लेकर की बैठक

**रजरप्पा :** गोला मुख्यालय स्थित कांग्रेस जिला युवा अध्यक्ष अजित करमाली ने युवा कांग्रेसियो ने यंग इंडिया बोल के तहत एक बैठक आयोजित किया. जिसकी अध्यक्षता अजित करमाली के द्वारा किया गया। यंग इंडिया सीजन 3 कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओ को कई आवश्यक जानकारी व सुझाव दिया. उन्होने बताया कि यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के भारतीय कांग्रेस प्रभारी कृष्णा आलवार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी के द्वारा शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस का एक अच्छा प्लेटफार्म है।जिसके तहत आम और सामान्य पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली युवाओ को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता है। इसके माध्यम से युवा राजनीतिक क्षेत्र मे आगे बढने का काम करते है।इसके बाद युवाओ को इस कार्यक्रम के तहत बोलने का मंच प्रदान किया जाता है। जिसके तहत आम और सामान्य युवाओ को राजनीतिक जे जोडकर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना उद्देश्य है। इन मुद्दो को इस कार्यक्रम के तहत युवाओ को आवाज देने व बोलने की आजादी दिया जाता है। मौके पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मेहता मुरली, सचिव जिलानी, देवलाल महतो, लखेश्वर महतो, अनिता देवी, कौसर राजा, विनोद करमाली, देवनाथ मुंडा, सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

### तालाब में नहाने के दौरान डूबने से बच्चे की मौत

**लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के कुसुम चौरा में तालाब में नहाने के दौरान एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्चा तोड़ार निवासी राजेश जयसवाल का 10 वर्षीय पुत्र गणेश जयसवाल अन्य बच्चों के साथ नहाने गया था। घटना की सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान दलबल के साथ तोड़ार ग्राम पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि गांव के ही अन्य बच्चों के साथ गणेश जायसवाल नहाने तालाब पर गया था। नहाने के दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से मदद की जाएगी।

# संसार में प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कार्य



**औरंगाबाद।** भीषण गर्मी जिला एवं शहर के लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। इस समस्या को देखते हुए पैगाम ए इंसानियत के अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान उनके साथ अन्य लोगों ने बुधवार को पांचवीं बार शहर के बाजारों के साथ कड़ाके की धूप में समस्या ग्रस्त वार्ड में निशुल्क पिकअप वाहन और थैला से आरओ का ठंडा पानी अपने माथे पर लाद कर घर घर जाकर ठंडा पानी पहुंचाया। लोगों को काफी राहत मिला। पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष सल्लू खान ने कहा कि चार दिनों से लगातार चोक चौराहे पर शहर में घर घर जाकर ठंडा पानी पहुंचाया हूं। सोमवार को तापमान डिग्री सेल्सियस औरंगाबाद का पारा 43 डिग्री के पार रहा है। जिला के साथ औरंगाबाद नगर परिषद के कई पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है लोगों के बीच पानी की समस्या भी गहराती जा रही है। नगर परिषद के साथ-साथ पीएचडी विभाग के लापरवाही के कारण इस चिलचिलाती धूप में लोग दूर दूर से पानी लाने को विवश हैं। शहर के नावाडीह रोड में पानी की समस्या हो जाने के कारण इस रोड के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। कई लोगों कब पानी का जल स्तर गिर जाने पानी की व्यवस्था ना होने से शहर को छोड़कर जा रहे हैं। अध्यक्ष सल्लू खान ने कहा कि जिला के लोग पानी के लिए परेशान हैं और नगर परिषद एवं वर्तमान सांसद विधायक जल संकट की समस्या दूर करने में पूरी तरह विफल हैं। बताया कि मैंने लोगों को जरूरत और परेशानियों को देखते हुए शहर में लोगों के बीच निशुल्क पिकअप वाहन से उनके घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। अपनें निजी राशि से पानी की व्यवस्था करा रहा हूं। शहर में उत्पन्न पेयजल संकट पर अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि और राजनैतिक तथा समाजसेवी संगठनों का चुप्पी आम लोगों को चिंता और जनाक्रोश बढ़ा रहा है लेकिन न अधिकारी और नहीं जनप्रतिनिधियों द्वारा पेयजल संकट से नीपटने हेतू कोई ठोस और कारगर कदम उठाया जा रहा है। पानी संकट के वजह से बहुत लोग शहर छोड़कर गांव के ओर रुख कर चुके हैं। औरंगाबाद जिला मुख्यालय में जल श्रोत काफी नीचे चले जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गया है और इसके लिए शहर के जसोईया मोड़ स्थित श्री सीमेंट फैक्ट्री में अंधाधुंध बोरींग और समरसेबल कारण है। नगर परिषद के साथ साथ पीएचडी विभाग जिलवासियो को पानी देने के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने साबित हो रहे है। जिले में सभी छेत्रों में पानी का संकट से लोग जूझ रहे है और सांसद विधायक की इस मामले में चुप्पी निंदनीय है क्योंकि सीमेंट फैक्ट्री से इनकी सांठ गांठ है। गर्मी को देखते हुए पूरे शहर में लगातार पानी की व्यवस्था करवाया जा रहा। लोगों के बीच मिलेगा, इसमें किसी तरह का कोई भी कसर हम लोगों के द्वारा नहीं छोड़ा जाएगा। पानी पिलाना हमारा काम है। इस मौके पर अन्ना खान, मो. जावेद, मो. जफर खान, मो. खलील, मो. इबरार, छोटे खान, वीरेंद्र कुमार, चौरसिया कुमार सहित उपस्थित रहे।

## मोटर दुर्घटना में चालक पर हुआ जुमार्ना

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी योगेश कुमार मिश्रा ने रिसियप थाना कांड संख्या 02/15 में सुनवाई करते हुए लपरवाही से गाड़ी चलाकर दुर्घटना करने का चालक को दोषी करार दिया और पच्चीस सौ रुपए जुमार्ना लगाया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी 21 जुलाई 2015 को दर्ज पुलिस द्वारा कराई गई थी, जिसमें कहा गया था कि रिसियप थाना मोड़ पर महेंद्रा ट्रैक्टर ने हिरोहोंडा सवार को जोरदार टक्कर मारी जिससे बाईक सवार जख्मी हो गए और ट्रैक्टर ड्राइवर गाड़ी छोड़ भाग गया था। अनुसंधान के क्रम में चालक मिथलेश सिंह रिसियप पर आरोप गठन भादंवि धारा 279, 337, 338 में किया गया था। जिन्होंने फैसला के बाद जुमार्ना राशि न्यायालय में जामा कर दिया।

## हसपुरा थाना प्रभारी को शोकोज

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे सात सुनील कुमार सिंह ने हसपुरा थाना कांड संख्या 31/23 में दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कड़े कदम उठाते हुए थाना प्रभारी को आदेश दिया है कि एक सप्ताह के अंदर कारण पृच्छा का स्पष्टीकरण संदेह उपस्थित होकर दें। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस वाद में कांड दैनिकी और जख्म प्रतिवेदन कि मांग पत्र 24 मार्च 2023 को भेजा गया था स्मार पत्र 01 अप्रैल 2023 को भेजा गया था, किन्तु आजतक प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे सुनवाई लम्बित है।

## सरकार से वार्ता विफल,आंदोलन तेज करेगा नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन

**सासाराम।** कोरोना के नामपर पिछले तीन सालों से बन्द की गई वरिष्ठ नागरिकों की रेल किराया छुट को फिर से बहाल कराने को ले केंद्र सरकार तथा नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की मंगलवार को बातचीत विफल हो गई है,प्रधानमंत्री कार्यालय से वार्ता कर लौटे संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय "एलौन" ने स्थानीय संघ कार्यालय में पत्रकारो को बताया की वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों की पांच सुत्री मांगों को लेकर पिछले महीने जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री को ज्ञापन सौपा गया था जिसपर सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नही किये जाने पर मंगलवार को पुनः मंत्रालय में वार्ता किया गया जो की विफल रहा,सरकार टाल-मटौल की रवैया अपना रही है जिससे बाध्य होकर हमने आंदोलन को और तेज करने का निर्णय लिया है जिसके तहत सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर मांगपत्र सौपेंगे इसके बाद नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के समक्ष आमरण अनशन भी करेंगे।देश के बुजुर्गों से इस आंदोलन में साथ देने का आहवान करते हुए श्री एलौन ने कहा की यह अजीब बिडम्बना है की सरकार उसी रेलवे में पूर्व एवं वर्तमान मंत्रियों,सांसदों,विधायकों तथा रेल अधिकारियों की यात्रा छूट को जारी रखे हुई है लेकिन वरिष्ठ नागरिकों की रियायत को रेलवे पर बोझ बताया जा रहा है।वही रेलमंत्री सभी यात्रियों को 55 फीसदी की औसत रियायत दिए जाने की बात करते है जो अत्यंत ही हास्यपद एवं गुमराह करने वाला है। कहा की पिछली सरकारों द्वारा रेल किराये में पुरुष वरिष्ठ नागरिकों को 40 फीसदी एवं महिला यात्रियों को 50 फीसदी की रियायत दी जाती थी जिसे इस सरकार ने बन्द कर दिया है।रेल स्थाई समिति द्वारा आधी-अधूरी रिपार्ट को संसद में दो बार पेश करने का नाटक कर टाइमपास किया गया जिससे बुजुर्गों को लगे की सरकार कुछ कर रही है।उन्होंनें कहा की इस मम्मले मे कोई सिफारिश या नए कानून की तो जरूरत ही नही है जो छूट पहले से मिल रही थी उसे सिर्फ बहाल करना है।

## भाजपा नेता के निधन पर कार्यकताओं ने जताया शोक

**औरंगाबाद।** जनसंघ से लेकर भाजपा के स्थापना काल से जुड़े देव प्रखंड के एरोरा गांव निवासी बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह (बिंदी बाबू) के निधन से भाजपा कार्यकताओं में शोक की लहर व्याप्त है।शोक व्यक्त करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा की श्रद्धेय बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह जीवन पर्यंत भाजपा संगठन एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे उनकी सादगी भरा पुरा जीवन एक आदर्श के रूप में देव प्रखंड सहित पूरे जिले में स्थापित था। भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष जिला मंत्री जिला उपाध्यक्ष सहित विभिन्न दायित्व का उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया था। सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर रुचि रखने के कारण उन्होंने अपने पंचायत का मुखिया पद का प्रतिनिधित्व लंबे समय तक किया था। उनके निधन से भाजपा संगठन तथा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपूरणीय क्षति हुई है जिसे निकट भविष्य में भरपाई नहीं किया जा सकता है वे अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री सहित पूरा भरा हुआ परिवार छोड़कर चलें गए । पूर्व जिला अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता इंद्रदेव यादव पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा राम लखन विश्वकर्मा सुनील कुमार सिंह विनोद शर्मा लक्ष्मी नारायण सिंह युगल किशोर सिंह टुना प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राम विजय प्रसाद निराला विनोद सिंह वीरेंद्र कुमार सिंह अनिल गुप्ता मधेश्वर चंद्रवंशी पूर्व मुखिया नंद किशोर भारती अनिल चंद्रवंशी जय किशोर मिश्रा संजय गुप्ता विजय प्रसाद गुप्ता अटल बिहारी अविनाश कुमार सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता सहित अन्य कार्यकताओं ने शोक व्यक्त करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।

# आरंभिक कक्षाओं से ही बच्चों में हिंदी एवं अंग्रेजी साहित्य में अभिरुचि जगाएं शिक्षक : सांसद

### अनुग्रह मध्य विद्यालय में सांसद ने किया निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण



**औरंगाबाद :** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री संग्राम सिंह की अध्यक्षता में बच्चों के बीच निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरित किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने शिक्षा विभाग के अपर शिक्षा सचिव के द्वारा निर्गत पत्र के अलोक में स्थानीय सांसद श्री सुशील कुमार सिंह को आमंत्रित कर बच्चों के बीच पाठ्यपुस्तक वितरित करवाना सुनिश्चित किये !सरकार के द्वारा जारी पत्र में निःशुल्क पाठपुस्तक वितरण का कार्य जन प्रतिनिधि के द्वारा ही किया जाना है। सांसद सुशील कुमार सिंह ने पाठपुस्तक वितरित करने के उपरांत बच्चों से खूब पढ़ने की अपील की। अपने व्यक्तित्व के निरूपण में साहित्य का अध्ययन बेहद सहायक बताया !एमपी ने प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह को सुझाव दिए कि आरंभिक कक्षाओं से ही बच्चों को हिंदी एवं अंग्रेजी साहित्य पढ़वाएँ। यह ज्ञान इन्हें दैनंदिन जीवन में बेहद उपयोगी होगा। विज्ञान के विषय विशिष्ट क्षेत्रों में उपयोगी सिद्ध होते है ! इस अवसर पर उपस्थित डीईओ संग्राम सिंह ने बताया कि इस बार सभी बच्चों को डायरी दी जा रही है ताकि अपने क्लास वर्क का प्रबंधन बेहतर तरीके से वह कर सकें। डीपीओ दया शंकर सिंह एवं डीपीओ गार्गी कुमारी ने भी बच्चों को सम्बोधित किये। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने पाठ्यपुस्तकों के समय पर बच्चों को प्रदान किये जाने पर प्रसन्नता प्रकट किये। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह,मुकेश कुमार सिंह,मितेंद्र सिंह सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य इपस्थित थें।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक



**औरंगाबाद :** जिला पदाधिकारी, श्री सुहर्ष भगत द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी को जिले में ओवरलोडेड गाड़ियों की लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा खनिज विकास पदाधिकारी को अवैध खनन को रोकने हेतु छापेमारी की कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया गया। इसके अतरिक्त खनिज विकास पदाधिकारी, रोहतास से समन्वय स्थापित कर छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा एसडीएम सदर एवं एसडीपीओ को भी इस संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अधीक्षक उत्पाद, शैलेंद्र कुमार को निर्देश दिया गया कि पुरानी गाड़ियां जिसमें राजसात का प्रस्ताव अभी तक नहीं आया है उनकी सूची थानावार बनाने का निर्देश दिया गया। अधीक्षक उत्पाद को जिले में अवैध शराब के ठिकानों को चिन्हित कर कार्ययोजना बनाकर छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जप्त शराब के विनष्टिकरण की कार्रवाई यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक स्वप्ना जी मेश्राम, अपर समाहर्ता आशीष कुमार सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी स्वीटी सहरावत, खनिज विकास पदाधिकारी विकास कुमार पासवान, अधीक्षक उत्पाद शैलेंद्र कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान के गेहूं फसल एवं खलिहान में रखे मशीन जलकर हुई राख



**औरंगाबाद :** हीट वेव ने कहर मचा रखा है और इसकी जद में इंसान के साथ साथ खेत खलिहान भी आ रहे है। लगातार विभिन्न प्रखंडों से खलिहान में प्रचंड गर्मी के कारण आसमान से आसमान से बरस रही आग ने बुधवार की दोपहर बारुण प्रखंड के तेतरहट पंचायत के ईटहट गांव स्थित खलिहान में अचानक लगी आग से लाखों की गेहूं, मशीन जलकर राख हो गए। आग की लपटों ने गांव के ही खेतों में रखे गेहूं के पुआल को अपने चपेट में ले लिया। आग की भयंकर लपटों को देखते ग्रामीण दहशत में आ गए और इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। समय से पहुंची दमकल की टीम आग को काबू में करने के प्रयास में जुटी हुई है। लेकिन आग बुझाने से पहले ही लाखों की फसल इस अगलग में स्वाहा हो गए।

# सांसद के समक्ष दर्जनों युवाओं ने किया भाजपा का सदस्यता ग्रहण



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह के आवास सिंह कोठी पर सांसद के नेतृत्व में देव प्रखंड के दर्जनों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुरूआत वन्दे मातरम एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।इस मौके पर सांसद ने युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ही देश की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो राष्ट्रवादी दृष्टिकोण रखती है और राष्ट्र के भविष्य के लिए अथक रूप से काम करती है।आप सभी लोग 8980808080 पर मिस्ड कॉल देकर भाजपा का सदस्य बनना है और 782000782000 पर मिस्ड कॉल कर सरल ऐप डाऊनलोड करना है।इस प्रक्रिया के बाद आप भाजपा के सदस्य बन जाएंगे और आपका नाम केन्द्रीय कार्यालय में अंकित हो जाएगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है और सभी क्षेत्रों में देश की प्रगति साफ देखी जा सकती है।सभी युवाओं ने पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर भाजपा ज्वाइन की है।भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि सभी लोगों का भाजपा परिवार में स्वागत है।आप सभी लोगों को भाजपा ज्वाइन करने से पार्टी मजबूत होगा।इस मौके पर भाजपा नेता सह वार्ड पार्षद अशोक सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी नलिनी रंजन,भाजपा नेत्री करिश्मा सिंह उपस्थित रहे और कामरान खान,गौतम कुमार सिंह,नितीश सिंह,अनूप कुमार,रौशन कुमार,विक्की कुमार,छोटू कुमार,अमित कुमार,शिवपूजन कुमार,नीतीश कुमार,आकाश कुमार दुबे,विशाल कुमार पाठक,विवेक कुमार,अभिनव रंजन,सम्राट कुमार,आशुतोष कुमार,नीलेश कुमार,जयेश कुमार ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया।

## सांसद ने गर्मी से वचाव की संसाधन व्यवस्था की मांग की



**औरंगाबाद।** सांसद सुशील कुमार सिंह ने असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को औरंगाबाद जिले एवं दक्षिण बिहार में पिछले एक सप्ताह से तापमान बढ़ने एवं भयंकर लू चलने के सम्बन्ध में पत्र के माध्यम से ध्यान आकृष्ठ कराते हुए कहा कि पिछले एक सप्ताह से औरंगाबाद जिले के साथ-साथ दक्षिण बिहार में तापमान बहुत अधिक बढ़ गया है एवं भयंकर लू चल रही है। ज्ञात हो की विगत वर्ष 2019 में भी लू एवं तापमान बढ़ने से दर्जनों लोगो की मौत हो गई थी ऐसे में मैं जानना चाहता हूँ की आपके अस्पताल में इस स्थिति से निपटने के लिए कौन-कौन सी व्यवस्था की गई है। आपके अस्पताल में लगे सभी एसी चालू हालत में है ? सभी कूलर चालू हालत में है ? जरुरी दावा उपलब्ध है ? इस संबंध में पत्र प्राप्ति के एक दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित को लिखित रूप से जानकारी उपलब्ध कराए।

# बाल बाल जलने से बच गया औरंगाबाद नगर थाना



**औरंगाबाद :** नगर थाना आज बुधवार की दोपहर जलने से बच गया। संयोग यह रहा कि आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया नही तो विभिन्न मामलों में पुलिस द्वारा जब्त कर थाना परिसर में खुले में रखे गए करीब 300 दो पहिया एवं चार पहिया वाहन जलकर राख हो जाता।बताया जाता है कि नगर थाना परिसर के अंदर से होकर ही 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार गुजरा है। भयंकर गर्मी के बीच चल रहे लू के थपेड़ों से बिजली का 11 हजार वोल्ट का तार आपस में टकरा कर स्पार्क कर गया और तार भी टूटकर गिर गया। तार की स्पार्किंग से निकली चिंगारी वही पड़े कूड़े-कचरे के ढ़ेर पर जा गिरी। ढेर पर चिंगारी के गिरते ही उसमें आग लग गयी। आग की लपटों के तेज होने और उससे उठते धुएं पर अचानक से थाना में मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों और थाना के बाहर से गुजर लोगो की नजर पड़ी। लोग आनन- फानन में आग बुझाने दौड़ पड़े।आग बुझाने के लिए जिसके हाथ में जो कुछ लोटा या बाल्टी मिली, सभी उसमें जहां-तहां से पानी लेकर आग बुझाने दौड़ पड़े। इस दौरान थाना के बगल में स्थित एक कोयला दुकान वाले ने आग से कोयले को जलने से बचाने के लिए अपने घर की टंकी से पाईप से पानी दी और काफी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान आग बुझाने से पहले बिजली विभाग को सूचना देकर विद्युत सप्लाई भी बंद कराई गई। तब जाकर लोग आग बुझाने में जुटे और आग पर काबू पाया गया।यदि आग पर जल्दी में काबू नही पाया जाता तो आग के चपेट में पास में थाना परिसर में ही खुले मैदान में रखे विभिन्न मामलों में जब्त करीब तीन सौ दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों में लग जाती । तब स्थिति कितनी भयावह होती, वह कल्पना से परे होती और आग थाना परिसर में स्थित भवनों में भी लग सकती थी। खैर संयोग अच्छा रहा कि एक बड़ा हादसा टल गया लेकिन इस छोटी सी अगलगी की घटना ने नगर थाना की व्यवस्था की भी पोल खोल कर रख दी।गौरतलब है कि औरंगाबाद के सभी थानों में दमकल गाड़ी उपलब्ध है लेकिन औरंगाबाद नगर थाना में एक अदद दमकल उपलब्ध नही है। यदि दमकल मौजूद रहता तो उसका इस्तेमाल इस अगलगी की घटना में किया जाता और आग बुझाने के लिए इस तरह की परेशानी झेलने के बजाय आग पर सुविधाजनक तरीके से काबू पा लिया जाता। औरंगाबाद नगर थानाध्यक्ष सतीश बिहारी शरण ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी।

# पृथ्वी की पीड़ा को समझें

भारतीय विवेक और श्रद्धा में पृथ्वी माता हैं। पृथ्वी को मां मानने और जानने की अनुभूति केवल भारत में है। हम सब पृथ्वी पुत्र हैं। इसी में जन्म लेते हैं। पृथ्वी ही पालती है। यही पोषण करती है। लेकिन दूषित पर्यावरण के कारण पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। सारी दुनिया का ताप बढ़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण वैज्ञानिकों के सामने भी बड़ी चुनौती है। आज से 18 साल पहले 2005 में संयुक्त राष्ट्र का सहस्त्राब्दी पर्यावरण आकलन (मिलेनियन इकोसिस्टम असेसमेंट) आया था। यह एक गंभीर दस्तावेज था और है। इस अनुमान में कहा गया था कि पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। यह अनुमान 18 वर्ष पुराना है। इसके पूर्व सन 2000 में भी पेरिस के 'अर्थ चार्टर कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे। लेकिन इस दिशा में कोई महत्वपूर्ण काम नहीं हुआ। कोई ठोस संकल्प नहीं लिए गए। वैसे वैदिक साहित्य पर्यावरण प्रीति से भरा-पूरा है। हिन्दुत्व की जीवन शैली में पर्यावरण संरक्षण अंतर्निहित है। भारत के प्राचीनकाल में ही पृथ्वी के प्रति संवेदनशील प्रीति और श्रद्धा थी। वैदिक पूर्वजों ने जल को माताएं देवता जननी कहा था। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता बताया था। ऋग्वेद में जल को बहुवचन रूप में माताएं कहा गया है। यूनानी दार्शनिक थेल्स ने जल को आदि तत्व बताया है। प्रकृति के 5 महाभूतों में जल एक महत्वपूर्ण महाभूत है। जल का मुख्य स्त्रोत वर्षा हैं। वैदिक साहित्य में जल को अतिरिक्त आदर दिया जाता रहा है। वैदिक समाज में जल वृष्टि के कई देवता हैं। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं, 'सत्कर्मों से समुद्र का जल ऊपर जाता है। वाणी जल को कंपन देती है। पर्जन्य वर्षा लाते हैं। भूमि आनंद मगन होती हैं।' यहाँ मुख्य बात है कि सत्कर्म के कारण समुद्र का जल ऊपर जाता है। सत्कर्म महत्वपूर्ण हैं। वस्तुतः ऐसे कर्म सांस्कृतिक कर्तव्य हैं। वर्षा पर्जन्य की कृपा हैं। आधुनिक संदर्भ में पर्जन्य को 'इकोलॉजिकल सिस्टम' कह सकते हैं। पर्जन्य देव पृथ्वी, जल, वायु, नदी, वनस्पतियों और सभी प्राणियों के संरक्षण से प्रसन्न होते हैं। पृथ्वी आराध्य देवता हैं। वैदिक देवता अनूठे हैं। देवता प्रकृति की महत्वपूर्ण शक्तियां हैं। उन्हें कई विभागों में विभाजित किया जा सकता है। पहला द्युस्थानीय देवता हैं। द्यौव का ही एक रूप वरुण हैं। द्युस्थानीय देवताओं में द्यौव सबसे प्राचीन बताए गए हैं। आर्यों की ग्रीक शाखा के लोग ह्यज्योसह्य या ह्यजिअसह्य के रूप में इस देवता की उपासना करते थे। द्यौव का प्रकट रूप हैं आकाश। उन्हें पिता कहा गया है। ऋषि राहुगण पुत्र गौतम द्यच को सबके पिता कहते हैं। इसी तरह वैदिक देवताओं का दूसरा विभाग है अंतरिक्ष स्थानीय देवता। ऋग्वेद के प्रतिष्ठित देवता इन्द्र इसी श्रेणी में आते हैं। इन्द्र मेघों में अवरुद्ध जल को मुक्त करते हैं। जल प्रवाह वर्षा द्वारा पृथ्वी की ओर आता है। मातरिस्वा, अपानपात आदि अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। इनमें रूद्र मुख्य हैं। निःस्संदेह ऋग्वेद में उनकी स्तुतियां कम हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र में रूद्र शिव को त्रयम्बक कहा गया है। यजुर्वेद का सोलहवां अध्याय शिव रूद्र की स्तुति है। देवताओं के तीसरे वर्ग को पृथ्वी स्थानीय देवता कहा गया है। इस देव तंत्र में सोम अतिप्रतिष्ठित देवता हैं। ऋग्वेद के नौवें मण्डल के अधिकांश सूक्तों के देवता सोम हैं। सोम को सर्वश्रेष्ठ पेय बताया गया है और सर्वश्रेष्ठ औषधि भी। इसी श्रेणी में अग्नि देव भी आते हैं। ऋग्वेद में अग्नि सर्वशक्तिमान बताए गए हैं। बृहस्पति भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। पृथ्वी भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। नदियां भी देवता हैं। पूर्वजों के हृदय में पृथ्वी के प्रति माता का भाव है। अथर्ववेद का पृथ्वी सूक्त अंतरराष्ट्रीय कविता है। कहते हैं कि यहाँ भिन्न-भिन्न विचारधाराओं वाले लोग रहते हैं। माता पृथ्वी सबका पोषण करती हैं। दुनिया के तमाम विद्वानों ने पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की है। वैदिक साहित्य में उत्तर वैदिक काल और महाकाव्यों में भी पृथ्वी की स्तुति है। महाभारत के एक प्रसंग में श्रीकृष्ण पृथ्वी की उपासना करते हैं। वे पृथ्वी से ही पूछते है कि आप किस तरह की उपासना से प्रसन्न होती हैं। स्वयं पृथ्वी ने उत्तर दिया कि 'तुम प्रतिदिन चिड़ियों और निराश्रित पशुओं के लिए कहीं भी अन्न डाल दिया करो। मैं इसी में प्रसन्न होती हूँ।' रामकथा के अनुसार श्रीराम का जन्म पृथ्वी को निशिचर विहीन और पृथ्वी का भार समाप्त करने के लिए हुआ था। रामचरितमानस में पृथ्वी संकट का उल्लेख है। तुलसीदास ने लिखा है, 'अतिशय देख धरम की हानी/परम सभीत धरा अकुलानी'- धर्म की ग्लानि को बढ़ता देख कर पृथ्वी भयग्रस्त हुई और देवताओं के पास जा पहुंची। उसने देवों को अपना दुख सुनाया- निज संताप सुनाइस रोई- पृथ्वी ने रोते हुए अपना कष्ट बताया। शंकर जी ने पार्वती जी को बताया कि वहां बहुत देवता थे। मैं भी उनमें से एक था- तेहि समाज गिरजा मैं रहेऊ। रामचरितमानस के अनुसार आकाशवाणी हुई, 'हे धरती धैर्य रखो। मैं स्वयं सूर्य वंश में आऊंगा और तुमको भार मुक्त करूँगा।' पृथ्वी बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम सबका आश्रय हैं। पृथ्वी को भार मुक्त करने के लिए परम सत्ता मनुष्य बनती है। आधुनिक काल का पृथ्वी संकट बड़ा चुनौतीपूर्ण है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव में हमेशा बर्फ जमी रहती है। वह बर्फ पिघल रही है। पृथ्वी के एक भूखंड में खनिज, तेल और गैस भारी मात्रा में हैं। खनिज सम्पदा और गैस पाने के लिए तमाम देश लालायित रहते हैं। लेकिन वे पृथ्वी के अस्तित्व को बचाने की चिंता नहीं करते। अधिक बर्फ पिघलने से समुद्र का स्तर ऊपर जाएगा। दुनिया खतरे में होगी। अंधाधुंध औद्योगिक विकास समस्या है। नगरीकरण सुनियोजित योजना के अनुसार नहीं है। दो ढाई वर्ष पहले मैं युगांडा की राजधानी काम्पाला में कामनवेल्थ देशों के संसदीय आयोजन में सम्मिलित था।

# सबसे व्यापक और प्रचंड अवतार है भगवान परशुराम का

**विश्लेषण**



रमेश शर्मा

**भगवान परशुराम का चरित्र वैदिक और पौराणिक इतिहास में सबसे प्रचंड और व्यापक है। उन्हें नारायण के दशावतार में छठे क्रम पर माना गया। वे पहले पूर्ण अवतार हैं। उन्हें चिरंजीवी माना गया इसीलिए उनकी उपस्थित हरेक युग में मिलती है। उनका अवतार सतयुग के समापन और त्रेतायुग आरंभ के संधि क्षण में हुआ। वह वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया थी। चूंकि उनका अवतार अक्षय है इसलिए यह तिथि अक्षय तृतीया कहलाई। इस तिथि का प्रत्येक पल शुभ होता है। उनका अवतार एक प्रहर रात्रि के शेष रहते हुआ इसलिए यह ब्रह्म मुहूर्त कहलाया। उनकी उपस्थिति सतयुग के समापन से आरंभ होकर कलियुग के अंत तक रहने वाली है। इतना व्यापक और कालजयी चरित्र किसी देवता, ऋषि अथवा अवतार का नहीं मिलता। उन्होंने ही वह शिव धनुष राजा जनक को दिया था जिसे भंग करके रामजी ने माता सीता का वरण किया। भगवान परशुराम ने ही वह विष्णु धनुष भगवान राम को दिया था जिससे लंकापति रावण का वध हुआ।**

पृथ्वी पर सत्य, धर्म और न्याय की स्थापना के लिए भगवान नारायण ने अनेक अवतार लिए हैं। इनमें परशुराम का अवतार पहला पूर्ण अवतार है। जो सर्वाधिक व्यापक है। संसार का ऐसा कोई कोना, कोई क्षेत्र या कोई देश ऐसा नहीं, जहां भगवान परशुराम की स्मृति या चिह्न नहीं मिलते हों। उन्होंने संसार में शांति और मानवता की स्थापना के लिए पूरी पृथ्वी की सतत यात्राएं कीं। यदि यह कहा जाय कि विश्व में आर्यत्व की स्थापना भगवान परशुराम ने की तो यह सच्चाई का महत्वपूर्ण तथ्य होगा। भगवान परशुराम का चरित्र वैदिक और पौराणिक इतिहास में सबसे प्रचंड और व्यापक है। उन्हें नारायण के दशावतार में छठे क्रम पर माना गया। वे पहले पूर्ण अवतार हैं। उन्हें चिरंजीवी माना गया इसीलिए उनकी उपस्थित हरेक युग में मिलती है। उनका अवतार सतयुग के समापन और त्रेतायुग आरंभ के संधि क्षण में हुआ। वह वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया थी। चूंकि उनका अवतार अक्षय है इसलिए यह तिथि अक्षय तृतीया कहलाई। इस तिथि का प्रत्येक पल शुभ होता है। उनका अवतार एक प्रहर रात्रि के शेष रहते हुआ इसलिए यह ब्रह्म मुहूर्त कहलाया। उनकी उपस्थिति सतयुग के समापन से आरंभ होकर कलियुग के अंत तक रहने वाली है। इतना व्यापक और कालजयी चरित्र किसी देवता, ऋषि अथवा अवतार का नहीं मिलता। उन्होंने ही वह शिव धनुष राजा जनक को दिया था जिसे भंग करके रामजी ने माता सीता का वरण किया। भगवान परशुराम ने ही वह विष्णु धनुष भगवान राम को दिया था जिससे लंकापति रावण का वध हुआ। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र और गीता का ज्ञान भी देने वाले परशुराम ही हैं। पुराणों में यह भी उल्लेख है कि धर्म रक्षा के लिए कलयुग में कल्कि अवतार होगा तब उन्हें शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान देने के निमित्त भी भगवान परशुराम ही होंगे। भगवान परशुरामजी का अवतार ऋषिकुल में हुआ। भगवान परशुराम के पिता महर्षि जमदग्नि थे और माता रेणुका सूर्यवंशी प्रतापी सम्राट राजा रेणु की पुत्री थीं। भगवान परशुराम पांच भाई और एक बहन हैं। उनके सात गुरु है। पहली गुरु माता रेणुका हैं, दूसरे गुरु पिता महर्षि जमदग्नि। तीसरे गुरु महर्षि चायमान, चौथे गुरु महर्षि विश्वामित्र, पांचवे गुरु महर्षि वशिष्ठ, छठें गुरु भगवान्‌ शिव और सातवें गुरु भगवान्‌ दत्तात्रेय हैं। भगवान शिव की भक्ति तो पूरा संसार करता है पर उनके एक मात्र शिष्य भगवान्‌ परशुराम ही हैं। वे मन की गति से भ्रमण करते हैं। इसे मन व्यापक गति कहते हैं। उन्हें चिर यौवन का वरदान है अर्थात वे कभी वृद्ध नहीं होंगे। संसार को श्रीविद्या का ज्ञान भगवान परशुराम ने दिया। शक्ति की उपासना भी भगवान परशुराम से आरंभ हुई। परशुराम के ज्ञान, साधना, ओजस्विता और तेजस्विता के आगे कोई नहीं ठहर पाया। उनके आगे चारों वेद चलते हैं। पीठ पर अक्षय तीरों से भरा तूणीर रहता है। एक हाथ में शास्त्र हैं तो दूसरे में शस्त्र। वे श्राप देने और दंड देने दोनों में समर्थ हैं। यह क्षमता किसी और अवतार में या ऋषि में नहीं। उन्होंने यदि प्रत्यक्ष युद्ध करके आततायिओं का वध किया है तो तप करके शिवजी को प्रसन्न भी किया है। उन्होंने समाज निर्माण के लिए दो बार विश्व की यात्रा की। ऋषि रूप वेद ऋचाओं का सृजन भी किया है। मध्यकाल में जिस भारत के मान बिंदुओं को कलंकित किया गया उसी प्रकार भारत के आदर्श चरित्र गाथा में अनेक कूटरचित कथाएं जोड़कर विवादास्पद बनाने का कुचक्र चला। आक्रामणकारियों का घोषित नारा था बांटो और राज करो इसके अंतर्गत ही भगवान परशुराम की गाथा में कुछ प्रसंग जोड़े। जो पूरी तरह असत्य और भ्रामक हैं।



भगवान परशुराम पर दो आक्षेप लगाये जाते हैं एक तो यह कि उन्होंने क्षत्रियों का क्षय किया दूसरा यह कि वे बहुत क्रोधी थे। ये दोनों आक्षेप असत्य हैं और समाज में भेद पैदा करने के लिए कुछ विदेशी षड्यंत्रकारियों द्वारा रचित हैं ताकि समाज को विभाजित कर भारत को कमजोर किया जा सके। वे अपने षड्यंत्र में कुछ सफल भी हुए, लेकिन अब हमें स्वयं अध्ययन करके समस्त भ्रांतियों का निवारण करना चाहिए। इन दोनों प्रश्नों पर शास्त्रों में पर्याप्त प्रमाण हैं। श्रीमद्भागवत में स्पष्ट है कि दुष्टं क्षत्रम्‌ शब्द आया है। अर्थात ₹दुष्ट राज्य₹। पुराण कथाओं में तीन शब्द आतें हैं क्षत्र, क्षत्रप और क्षत्रिय। इन तीनों शब्दों में अंतर होता है। क्षत्र यानि राज्य, क्षत्रप यानि राजा और क्षत्रिय यानि राज्य के लिए समर्पित। यदि शब्द दुष्ट क्षत्रम्‌ है तो उसका अर्थ हुआ ऐसे राज्य जो दुष्टता करते थे। महाभारत के एक प्रसंग में भगवान्‌ शिव ने आदेश दिया कि तुम मेरे समस्त शत्रुओं का वध करो। संस्कृत में शब्द चाहे क्षत्र आया हो या ₹क्षत्रप₹ लेकिन हिंदी अनुवाद में सीधा क्षत्रिय ही करके भ्रम फैलाया गया। परशुराम के संदर्भ में क्षत्रिय शब्द का वर्णन पहली बार कालिदास के रघुवंश में हुआ और यहीं से ने क्षत्रिय विनाश के किस्से चल पड़े। इसके बाद जो साहित्य रचा गया उसमें इसके वर्णन में विस्तार होता गया। भला बताइये भगवान परशुराम नारायण के अवतार हैं। क्षत्रिय की उत्पत्ति नारायण के बाहुओं से हुई तो क्या नारायण स्वयं अपनी बाहुओं का विनाश करने के लिए अवतार लेंगे? इसके अतिरिक्त उनकी माता देवी रेणुका क्षत्रिय, उनकी दादी देवी सत्यवती क्षत्रिय, भृगु वंश की अनेक ऋषि कन्याएं क्षत्रियों को ब्याहीं तब भला कैसे वे क्षत्रिय विरोधी अभियान छेड़ सकते हैं।

इसके अतिरिक्त एक बात और नारायण जब भी अवतार लेते हैं, उनके अवतार का कहीं न कहीं निमित्त होता है। यदि किसी अवतार में पत्नी वियोग होना है, वानरों का साथ लेना है, एक ही विवाह करना या एक से अधिक विवाह करना या रणछोड़ का आक्षेप लगना सब निर्धारित होता है। इसीलिए नारायण के अवतार के कार्यों को कर्म नहीं लीला कहा जाता है। नारायण के किसी प्रसंग में किसी शास्त्र में यह उल्लेख नहीं आया कि कभी वे क्षत्रिय हंता बनेंगे। अतएव यह भ्रामक बात समाज को मन से निकालनी होगी। समाज को बांटने के यूं भी कम षड्यंत्र नहीं हो रहे हैं। अतएव हमें सत्य को समझना चाहिए। भगवान परशुराम से संबंधित प्रसंग पूरे विश्व में मिलते हैं। उनके विभिन्न नामों में एक नाम भृगुराम भी है। यह शब्द अपभ्रंश होगा बगराम बना। अफगानिस्तान में भी बगराम नामक स्थान है यहां विमानतल भी बना है। एक बगराम नगर ईराक में भी है। लैटिन अमेरिका की खुदाई में श्रीयंत्र जैसी आकृति निकली है। भगवान परशुराम के कहने पर मय दानव पाताल गया था। संभवतः मय दानव से ही लैटिन अमेरिका की ₹मायन सभ्यता₹ विकसित हुई होगी। रोम की खुदाई में पत्थर पर उकेरी गई एक ऐसी आकृति निकली जिसके कंधे पर धनुष बाण है और परशु जैसा शस्त्र भी। यद्यपि इस आकृति के सिर पर टोप तो रोमन ही, पर परशु और धनुष बाण धारण करने वाले एक मात्र परशुराम हैं। संभव है कि रूस नाम ऋषिका का अपभ्रंश हो। पर इस पर व्यापक शोध की आवश्यकता है। मैक्समूलर की पुस्तक ₹हम भारत से क्या सीखें₹ के अनुसार संसार का ज्ञान भारत से ईरान पहुंचा और ईरान से पूरे विश्व में। इस कथन से यह धारणा प्रबल होती है कि विश्व में जो परशुराम से मिलते जुलते शब्द या चिह्न मिलते हैं वे सब परशुराम से ही संबंधित हो सकते हैं। इस प्रकार भगवान परशुराम अवतार विश्व व्यापक है, सबसे प्रचंड है और संसार में अधर्म का नाश करके सत्य की स्थापना करने वाला है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# कर्नाटक में रोचक हुआ सत्ता का संग्राम

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। अगले साल लोकसभा के चुनाव होने हैं। उससे पूर्व कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम देश की राजनीति में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगें। भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल को समाप्त करने के लिए 52 मौजूदा विधायकों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया है। भाजपा ने पार्टी संस्थापकों में से एक रहे पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी का भी टिकट काट दिया है।

भाजपा के बड़े नेता रहे के. अंगारा, आर शंकर और एमपी कुमार स्वामी ने भी टिकट नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया है। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जगदीश शेट्टार 6 बार विधायक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सहित कई बार मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन पर कभी किसी तरह के आरोप नहीं लगे हैं। बीएस येदुरप्पा के बाद वह लिंगायत समुदाय के दूसरे सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। बीएस येदुरप्पा एवं ईश्वरप्पा के इस बार चुनावी मैदान में नहीं होने से पार्टी के पास बड़े चेहरे का अभाव है। कांग्रेस चाहती है कि किसी भी तरह से भाजपा को हरा कर प्रदेश में अपनी सरकार बनाई जाए ताकि पार्टी के गिरते जनाधार को रोका जा सके। कर्नाटक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे का गृह राज्य है। उनकी सदा से ही मुख्यमंत्री बनने की चाहत रही है जो इस बार सरकार बनने पर पूरी हो सकती है। वैसे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे के सामने अपने गृह प्रदेश में सरकार बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए सभी तरह के प्रयास कर रही है। जनता दल सेक्युलर मैसूरू इलाके में अपना मजबूत जनाधार रखती है। प्रदेश की 100 सीटों पर जनता दल सेक्युलर चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की ताकत रखती है। जनता दल सेक्युलर ने किसी भी राजनीतिक दल से चुनावी समझौता नहीं किया है। उनका मानना है कि चुनाव में पिछले बार की तरह किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा। ऐसे में वह अपने जीते हुए विधायकों के बल पर सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगी।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक करोड़ 33 लाख 28 हजार 524 वोट यानी 36.35 प्रतिशत मतों के साथ 104 सीटें मिली थीं। कांग्रेस को एक करोड़ 39 लाख 86 हजार 526 वोट यानी 38.14 प्रतिशत वोटों के साथ 80 सीटों पर जीत मिली थी। जनता दल सेक्युलर को 67 लाख 26 हजार 667 वोट यानी 18.30 प्रतिशत वोटों के साथ 37 सीटों पर जीत मिली थी। पिछले चुनाव में कांग्रेस भाजपा से 6 लाख 58 हजार दो वोट यानी 1.70 प्रतिशत अधिक मत लेकर भी सीटों के मामले में 24 सीटों से पिछड़ गई थी। इसका मुख्य कारण था जनता दल सेकुलर का कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाना। पिछले चुनाव में कांग्रेस के पास कर्नाटक के सबसे प्रभावशाली लिंगायत समुदाय का कोई बड़ा नेता भी नहीं था, लेकिन इस बार जगदीश शेट्टार के आने से कांग्रेस को लिंगायत समुदाय के वोट बैंक में सेंध लगाने का एक बड़ा हथियार मिल गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास पर्याप्त बहुमत नहीं था। ऐसे में कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर ने मिलकर जनता दल सक्युलर के नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया था। मगर 14 महीने बाद ही भाजपा ने कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर के विधायकों से इस्तीफे दिलवा कर जोड़-तोड़ से अपनी सरकार बना ली थी। उस समय येदुरप्पा भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री बने थे। मगर येदुरप्पा की मनमानी व उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार को लेकर लगे आरोपों के चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा और जुलाई 2021 में बसवराज बोम्मई को भाजपा ने नया मुख्यमंत्री बनाया। बोम्मई मुख्यमंत्री बन गए मगर सरकार पर पूरा प्रभाव येद्दयुरप्पा का ही रहा। 2019 में जोड़-तोड़ कर सरकार बनाने के बाद से ही कर्नाटक भाजपा में लगातार उथल पुथल होती रही है। चुनाव से पहले कई बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने से भाजपा मुश्किलों में घिरी नजर आ रही है। पिछले साल तुमकुर जिले के एक ठेकेदार ने तब के मंत्री ईश्वरप्पा पर रिश्वत लेने का आरोप लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके चलते ईश्वरप्पा को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि बाद में जांच कर ईश्वरप्पा को बरी कर दिया गया था। इसी के चलते इस बार ईश्वरप्पा को टिकट से वंचित रखा गया है। हालांकि भाजपा गुजरात की तर्ज पर अधिकांश विधायकों के टिकट काटना चाहती थी, लेकिन येदुरप्पा के विरोध के चलते ऐसा नहीं कर पाई।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में इस बार जहां भाजपा सत्ता विरोधी लहर के चलते बचाव की मुद्रा में है। वहीं कांग्रेस सहित जनता दल सेक्युलर एवं अन्य विपक्षी दल पूरी तरह सरकार पर हमलावर हो रहे हैं। कांग्रेस में भी पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया व प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के मध्य गुटबाजी चल रही है। कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी विधानसभा के अंदर अश्लील वीडियो देखते पकड़े जा चुके हैं। उनकी छवि विवादास्पद रही है। ऊपर से दूसरे दलों से आए लोगों को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनाव मैदान में उतार दिया है। इससे पार्टी में आंतरिक झगड़े बढ़ गए हैं। कांग्रेस में भी जिन लोगों के टिकट काटे गए हैं वह सभी पार्टी की खिलाफत करते नजर आ रहे हैं। इससे कांग्रेस को भी नुकसान होना तय माना जा रहा है। जनता दल सेकुलर जितनी अधिक सीटों पर मजबूत होगी उतना ही कांग्रेस को नुकसान होगा। यही भाजपा की जीत का मूल मंत्र बनेगा। भाजपा का पूरा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के चेहरे पर फोकस रहेगा।

## सोशल मीडिया से...

**सच के हक में...**

आज दुनिया युद्ध की जिस पीड़ा से गुजर रही है, भगवान बुद्ध के संदेशों में उससे भी उबरने का मार्ग है। जहां बुद्ध की करुणा हो, वहां संघर्ष नहीं समन्वय होता है, अशांति नहीं शांति होती है।



**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**

भारत एससीओ के साथ अपने सहयोग को महत्व देता है और आपदा जोखिम न्यूनीकरण में अपनी विशेषज्ञता और अनुभव को सदस्य देशों के साथ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। आपात स्थिति की रोकथाम और उन्मूलन के लिए जिम्मेदार एससीओ सदस्य देशों के विभागों के प्रमुखों की बैठक की अध्यक्षता करने पर खुशी हुई।



**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**

अपने पद का दुरुपयोग कर जमीन माफियाओं को लाभ पहुंचाने के आरोप में जेल तक जा चुके गिरिडीह के अवर निबंधक सहदेव मेहरा के भ्रष्टाचार से लोग त्रस्त हैं। प्राप्त साक्ष्यों व शिकायतों के आधार पर आज मैंने मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखकर इनके कारनामों से अवगत कराते हुए जांच की मांग की है।



**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# मेडिकल टूरिज्म में छलांग लगाता भारत

भारत को मेडिकल टूरिज्म के हब के रूप में स्थापित करने को लेकर जो कोशिशें बीते कुछ सालों से चल रही हैं उनके सुखद परिणाम अब सामने आने लगे हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्रीपद नाईक ने हाल ही में गोवा में आयोजित जी-20 से जुड़े के एक कार्यक्रम में बताया कि पिछले साल भारत में 14 लाख विदेशी पर्यटक मात्र इलाज के लिए भारत आए। जाहिर है, इनमें वे भी शामिल हैं जो रोगियों के साथ आए थे। यह आंकड़ा ही साबित करता है कि भारत की मेडिकल सुविधाओं को लेकर दुनिया में भरोसा बढ़ रहा है। यह तो शुरूआत है। अभी तो भारत को बहुत सी मंजिलों को पार करना है। आप दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई वगैरह के किसी भी प्रतिष्ठित अस्पताल में खुद जाकर देख लें। वहां आपको अनेक विदेशी रोगी और उनके परिजन बैठे मिल जाएंगे। इनमें अफ्रीकी और खाड़ी देशों के रोगियों की तादाद भी खासी रहती है। भारत में ओमन, इराक, मालदीव, यमन, उज्बेकिस्तान, सूडान वगैरह से भी रोगी आ रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान के संबंध सुधर जाएँ तो हर साल सरहद पार से भी हजारों रोगी हमारे यहां इलाज के लिए आने लगेंगे। कुछ सीरियस मरीज तो अब भी आते हैं। कहना नहीं होगा कि इन रोगियों के भारत आने से देश को अमूल्य विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होती है। जब भी एक रोगी भारत आता है तो उसके साथ दो-तीन सहयोगी रोगी की देखभाल के लिए भी आते हैं। ये महीनों होटलों में रहते हैं। भारत में हृदय रोग, अस्थि रोग, किडनी, लिवर ट्रांसप्लांट, आंखों और बर्न इंजरी के इलाज के लिए सबसे अधिक विदेशी रोगी आते हैं। दुनियाभर में बसे भारतवंशी अब यहां इलाज के लिए आने लगे हैं। राजधानी के अपोलो अस्पताल से जुड़े मशहूर प्लास्टिक सर्जन डॉ. अनूप धीर कहते हैं कि उनके पास हर महीने कुछ विदेशी रोगी इलाज के लिए आ जाते हैं। अगर हमारे यहां भी इलाज सस्ता होता रहे तो यकीनन देश मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की स्थिति में होगा। भारत के पास अत्यधिक योग्य चिकित्सा पेशेवर और अत्याधुनिक उपकरण हैं। इसके अलावा, भारत स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से समझौता किए बिना अमेरिका और ब्रिटेन की तुलना में कम खचीर्ला उपचार विकल्प प्रदान करता है। भारत में इलाज का खर्च अमेरिका के मुकाबले करीब एक चौथाई है। यदि हम इस मोर्चे पर संभल कर चले तो इलाज के लिए रोगी थाईलैंड, सिंगापुर, चीन और जापान जैसे देशों की बजाय भारत का ही रुख करने लगेंगे। ये सभी देश विदेशी रोगियों को अपनी तरफ खींचने की चेष्टा तो कर ही रहे हैं। मेडिकल टूरिज्म सालाना अरबों डॉलर का कारोबार है। इस पर भारत को अपनी पकड़ मजबूत बनानी होगी। इस क्षेत्र में भारत के सामने तमाम संभावनाएं हैं। दरअसल अब सारी दुनिया के लोग बेहतर इलाज के लिए अपने देशों की सरहदों को लांघते हैं। भारत में इलाज की बेहद कम लागत, उत्तम चिकित्सा तकनीकों और उपकरणों की उपलब्धता के चलते विदेशी मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं। उन्हें यहां पर भाषा की समस्या से भी ज्यादा जूझना नहीं पड़ता। यहां पर अंग्रेजी बोलने वाले हर जगह मिल ही जाते हैं। यानी विदेशों से आए रोगियों के लिए भारत एक उत्तम स्थान है। कोरोना आने से पहले भारत में मेडिकल टूरिज्म का बाजार 9 अरब डॉलर यानी 68 हजार 400 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान था। लेकिन, कोरोना ने इस पर ब्रेक लगा दिया। जानकारों का कहना है कि दुनियाभर में हर साल एक-सवा करोड़ से ज्यादा लोग इलाज के लिए दूसरे देशों में जाते हैं।

## मुझे कुछ कहना है...



ऐसा किसी को याद नहीं आ रहा कि कभी रांची का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया हो। गर्मी में भी ठंड का अहसास करने के नाम पर रांची शहर की पहचान हुआ करती थी। शायद यही कारण था कि संयुक्त बिहार के समय में यह ग्रीष्मकालीन राजधानी हुआ करती थी। अब न जाने किसकी नजर इस शहर को लग गई है। बेतरतीब और अनियोजित विकास, आबादी के बढ़ने बोझ ने इस शहर की सूरत बिगाड़कर रख दी है। बढ़ती आबादी, बढ़ते वाहनों की संख्या एवं लगातार बढ़ती ऊंची इमारतें इस गर्मी के प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कंक्रीट के जंगल एवं ऊंची इमारतें गर्मी को वापस वातावरण में उत्सर्जित करके शहर को गर्म करती है तथा हवाओं के बहने पर भी प्रभाव डालती है। यही कारण है कि मध्य अप्रैल में ही रांची का तापमान 40 के पार जा चुका है। समुद्रतल से रांची की ऊंचाई औसतन 600 मीटर है। जिसके चलते मैदानों की तुलना में बादल यहां कम ऊंचाई पर ही बनते हैं। अब रांची शहर में ऊंची इमारतों से उठती हुई गर्म हवा इन बादलों को शहर के बाहर धकेल रही हैं। जिस वजह से रांची के आसपास की जगहों में तो वर्षा हो रही है लेकिन रांची शहर इससे वंचित है। रांची शहर के आसपास नंगे पहाड़ों की वजह से भी गर्म हवा उठ रही हैं। यही नहीं बढ़ते शहरीकरण की वजह से यहां की मिट्टी या तो दब गई हैं या तो ठोस हो गई हैं और वो सारी गर्मी को वापस वातावरण में लौटा कर गर्मी को बढ़ा रही हैं...। अगर हरियाली होती तो शायद बादल संघनित होकर बरसते और गर्मी उतनी महसूस नहीं होती। मजेदार बात यह कि आज भी रांची जिले के जिन हिस्सों में अधिक हरियाली है वहां सामान्यत: कम तापमान रहता है। रांची में खासकर मेन रोड, अपर बाजार, हिंदपीढ़ी, रातू रोड, सर्कुलर रोड, पिस्का रोड, कोकर, डोरंडा आदि जगह ज्यादा गर्म हो रहे हैं। इन जगहों पर ऊंची इमारतों का होना एवं हरियाली का कम होना अहम वजह है। अब भी समय है। यदि गंभीरता से समस्याओं के समाधान की पहल नहीं की गई तो हालात और बदतर होंगे।

**मो फुरकान, पूर्व उपाध्यक्ष, जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा, रांची जिला समिति।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – **फहीम अख्तर*** (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल में आज घरेलू मैदान पर सनराइजर्स के खिलाफ जीत के लिए उतरेगी सीएसके

## -स्टोक्स की होगी वापसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेन्नई(ईएमएस)। आईपीएल में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। इस मैच में सीएसके अपने घरेलू मैदान पर जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। सीएसके ने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को हराया था। इससे भी उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। इस मैच में ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की वापसी से भी सीएसके की बल्लेबाजी और गेंदबाजी की धार बढ़ेगी। स्टोक्स चोटिल होने के कारण अब तक इस लीग से बाहर थे। स्टोक्स ने गत दिवस अभ्यास सत्र में भी भाग लिया था।

सीएसके के पास डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड़ जैसी शानदार सलामी जोड़ी है। इसके अलावा उसके पास शिवम दुबे जैसा आक्रामक बल्लेबाज भी है। इन बल्लेबाजों के कारण ही उसके पिछले मैच में आरसीबी के खिलाफ जीत मिली थी। वहीं अनुभवी अजिंक्य रहाणे भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, इससे भी चेन्नई को बल्लेबाजी बेहतर हुई है। चेन्नई की परेशानी गेंदबाजी को लेकर है। पिछले मैच में गेंदबाज प्रभावी नजर नहीं आये थे। इसके अलावा टीम का क्षेत्ररक्षण भी उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है।

श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने ही आरसीबी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था पर अन्य गेंदबाज विफल रहे। युवा तुषार देशपांडे के प्रदर्शन में सुधार आया है पर अगर टीम को सनराइजर्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना है तो उसके तीनों स्पिनरों महेश तीक्ष्णा, रविंद्र जडेजा और मोइन अली को और अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आंकड़ों को देखें तो सीएसके ने सनराइजर्स के खिलाफ पिछले पांच में से चार मैचों में जीत हासिल की है और ऐसे में वह इस बार भी जीत चाहेगी। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस ने हराया था, ऐसे में उसका मनोबल गिरा हुआ है।

इसके बाद भी सनराइजर्स को अपने बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। इसके लिए कप्तान एडेन मार्कराम को आगे आकर जिम्मेदारी लेनी होगी। उसके सभी बल्लेबाजों को सीएसके के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।




सनराइजर्स को पिछले मैच में पावर प्ले में विकेट गिरने से हार का सामना करना पड़ा था। तब टीम के मुख्य कोच ब्रायन लारा ने कहा था कि मध्यक्रम के किसी बल्लेबाज को अंत तक टिके रहना होगा। सनराइजर्स की बल्लेबाज मार्कराम के अलावा आक्रामक बल्लेबाज हैरी ब्रूक, वह वाशिंगटन सुंदर पर भी निर्भर रहेगी। अगर वह लय में खेलते है तो फिर सीएसके के गेंदबाजों को उन्हें रोकना कठिन होगा। इस लीग में अबतक सनराइजर्स के गेंदबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के कारण भी टीम को नुकसान हुआ है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

चेन्नई सुपर किंग्सः- महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, मोइन अली, बेन स्टोक्स, रवींद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, सिसंडा मगाला, शिवम दुबे, ड्वेन प्रीटोरियस, अहय मंडल, निशांत सिंधु, राजवर्धन हैंगरगेकर, मिचेल सेंटनर, सुभांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, मथीसा पथिराना, महेश तीक्ष्णा, भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, शेख रशीद, तुषार देशपांडे।

सनराइजर्स हैदराबादः- एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, वाशिंगटन सुंदर, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसीन, अनमोलप्रीत सिंह।

# विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में भारत को शिव और दीपक से स्वर्ण की उम्मीदें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मुक्केबाज शिव थापा और दीपक भोरिया 30 अप्रैल से 14 मई तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। शिवा ने दोहा में 2015 में विश्व चैम्पियनशिप का कांस्य पदक जीता था। अब उनका लक्ष्य इस बार अपने पदक का रंग बदलना रहेगा। वह 63.5 किग्रा वजन वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं दीपक 51 किग्रा फ्लाईवेट वजन वर्ग में उतरेंगे। दीपक ने 2021 में स्ट्रेंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में 2016 रियो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता और 2019 विश्व चैम्पियन उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव को हराकर सभी का ध्यान खींचा था। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''पुरुष टीम काफी कड़ी मेहनत कर रही है और मैं उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें देता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि हर मुक्केबाज बेहतर प्रदर्शन करेगा।''

भारतीय टीम 17 अप्रैल को ताशकंद के लिए रवाना हो गयी थी और विश्व चैम्पियनशिप से पहले कई देशों के अभ्यास शिविर में भी भाग लेगी। भारतीय टीम में अनुभवी एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन भी शामिल हैं जो 57 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेंगे। तोक्यो ओलंपियन और 2019 एशियाई चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष चौधरी दूसरी बार इस प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

वहीं स्ट्रेंड्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में रजत विजेता गोविंद साहनी 48 किग्रा में उतरेंगे। इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता को दो लाख डॉलर, रजत पदक जीतने वाले को एक लाख डॉलर और दोनों कांस्य पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर पुरस्कार राशि मिलेगी।

# गावस्कर ने अर्जुन की प्रशंसा करते हुए कहा उसे विरासत में मिला है सचिन जैसा स्वभाव

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें अपने पिता जैसा स्वभाव विरासत में ही मिला है। गावस्कर ने कहा, हर कोई उस शानदार प्रतिभा के बारे में बात करता है जो सचिन के करियर की शुरुआत में देखी गयी थी पर मुझे लगता है कि यह उनका स्वभाव था जो बिल्कुल ही अद्भुत था और यही स्वभाव अर्जुन को स्वभाव विरासत में मिला है।




गावस्कर ने अर्जुन के एक अच्छे विचारक होने की भी सराहना की। उन्होंने कहा, यह हमेशा एक अच्छा संकेत होता है जब एक युवा खिलाड़ी टीम की ओर से अंतिम ओवर फेंकता है और डिलीवरी करता है। अर्जुन ने अंतिम ओवर फेंका और सनराइजर्स हैदराबाद को 20 रन बनाने नहीं दिए। इसके साथ ही उसने दूसरे ही मैच में भुवनेश्वर कुमार के रूप में अपना पहला आईपीएल विकेट भी लिया। अर्जुन एक होनहार युवा होने के साथ ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज भी हैं।

गावस्कर ने इसी के साथ ही अहमदाबाद में अपनी मैच विजेता पारी के लिए शिमरोन हेटमायर की सराहना करते हुए कहा कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आना चाहिए। उन्होंने कहा, शिमरोन हेटमायर को राजस्थान रॉयल्स द्वारा एक फिनिशर के रूप में उपयोग किया गया है पर मेना मानना है कि उसे बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजना चाहिए। इससे वह और अधिक स्कोर बना सकेंगे।

# इंग्लैंड और जिम्बाब्वे के क्रिकेटर रहे बैलेंस ने खेल को अलविदा कहा

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड और जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज गैरी बैलेंस ने क्रिकेट के सभी रूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। बैलेंस ने इंग्लैंड और जिम्बाब्वे की ओर से शतक लगाकर रिकार्ड बनाया था। बैलेंस ने इंग्लैंड के लिए 16 एकदिवसीय और 23 टेस्ट मैच खेले। इसके बाद वह अपने जन्मभूमि जिम्बाब्वे लौट गये। जिम्बाब्वे की ओर से बैलेंस ने एक टेस्ट, एक टी20आई और पांच एकदिवसीय मैच खेले। करियर की बात करें तो उन्होंने दोनो देशों को मिलाकर कुल 5 टेस्ट शतक लगाए। उनका हाल में एक शतक अपने देश जिम्बाब्वे की ओर से लगाया था। यही उनका जिम्बाब्वे की ओर से एकमात्र टेस्ट था। उन्होंने अपनी पारी में नाबाद 137 रन बनाये थे।



बैलेंस ने कहा, काफी विचार के बाद मैंने तत्काल प्रभाव से पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कहने का फैसला किया है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जिम्बाब्वे की ओर से शीर्ष स्तर पर खेलना जारी रखने का अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद थी कि जिम्बाब्वे जाने से मुझे खेल के लिए एक नई खुशी मिलेगी और मैं हमेशा जिम्बाब्वे क्रिकेट का आभारी रहूंगा कि उसने मुझे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का मौका दिया और अपनी टीम में मेरा स्वागत किया।उन्होंने आगे कहा, हालांकि, मैं उस स्तर पर पहुंच गया हूं जहां मुझे अब पेशेवर खेल के लिए अपने को समर्पित करने की इच्छा नहीं है। इसलिए मुझे आगे बढ़ना चाहिए। मैं उन्हें आगे बढ़ने की हर सफलता की कामना करता हूं।

बैलेंस ने साल 2014 में अपनी शुरुआत करने के बाद इंग्लैंड के लिए 23 टेस्ट खेले और उनके लिए 1498 रन बनाए, जिसमें चार शतक और सात अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने 2014 और 2015 सीज़न में यॉर्कशायर के साथ काउंटी चैंपियनशिप भी जीती थी। यॉर्कशायर में ही वह नस्लावाद के आरोपों को लेकर विवादों में भी रहे।

# पहली बार भारत में खेला जाएगा अंतरराष्ट्रीय सर्फ ओपन

चेन्नई । भारत में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सर्फ ओपन (डब्ल्यूएसएल) का आयोजन इसी साल अगस्त में होगा। अंतरराष्ट्रीय सर्फ ओपन मामल्लापुरम में 14 से 20 अगस्त तक खेला जाएगा। इसमें एशिया और ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा करते हुए तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि यह खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य सरकार का एक और कदम है और इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता से भारतीय खिलाड़ियों को अपनी क्षमता और प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर मिलेगा। उदयनिधि ने कहा, ''सर्फिंग ओलंपिक खेल है इसलिए यह प्राथमिकता बन गया है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हमारे खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने और हमारे देश को गौरवांवित करने का शानदार मंच देगा।''

# कठिन हालातों में गेंदबाजी के लिए हमेशा तैयार हूं : आवेश

जयपुर । राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अंतिम ओवर फेंकने वाले आवेश खान ने कहा कि मैं अपनी टीम के लिए मुश्किल हालातों में गेंदबाजी के लिए हमेशा ही उपलब्ध हूं। लखनऊ सुपर जायंट्स के आवेश ने इस मैच में अंतिम ओवर में राजस्थान के बल्लेबाजों पर अंकुश लगा लिया जिससे टीम 18 रनों का बचाव नहीं कर पायी। वहीं आवेश ने अंतिम ओवर में दो विकेट लिए। अवेश ने कहा, अगर हम पहले गेंदबाजी कर रहे हैं, तो मुझे पहला या दूसरा ओवर मिलता है और अगर हम बचाव कर रहे हैं तो मैं खेल की स्थिति के आधार पर चौथे या छठे ओवर जैसे अहम ओवर फेंकता हूं। मैंने अपने कप्तान और कोचों से भी कहा है कि आप मुझे कहीं भी गेंदबाजी करवा सकते हैं और मैं अपनी टीम के लिए कठिन ओवर फेंकने के लिए हमेशा से ही तैयार हूं। इसलिए मैं हमेशा यह सोचने की कोशिश नहीं करता कि मुझे कब गेंदबाजी करने का अवसर मिलेगा पर जब भी मुझे मौका मिलता है, मैं हमेशा टीम के लिए विकेट हासिल करने के लिए गेंदबाजी करता हूं। वहीं आईपीएल विशेषज्ञ आरपी सिंह का मानना है कि लखनऊ के कप्तान लोकेश राहुल पहले की तरह नहीं खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल कभी भी इस तरह नहीं खेलते थे, उनका हमेशा एक अच्छा स्ट्राइक रेट होता था, वे विपक्षी टीम पर आक्रमण करते थे और अच्छे शॉट खेलते थे पर यहां उन्हें दबाव में खेलते हुए देखा गया। सिंह ने कहा, उन्होंने अपने कई शॉट मारना बंद कर दिया है। वह ज्यादा स्ट्राइक रोटेट करने की सोच रहा है, हो सकता है कि उसने अपनी भूमिका भी बदल ली हो, लेकिन वह उस तरह का खिलाड़ी नहीं है।



# पाक के उभरते क्रिकेटर सईम माने जा रहे भविष्य के बाबर आजम

**लाहौर(एजेंसी)।** पाकिस्तान के उभरते हुए बल्लेबाज सईम अयूब को आने वाले समय का बाबर आजम माना जा रहा है। 20 साल के सईम ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में अपना डेब्यू किया था। इस दौरे पर उनकी तरह कई युवाओं ने पाक की ओर से खिलाफ खेलना शुरु किया था। इस सीरीज में बाएं हाथ के बैटर सईम ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा है। सईम ने अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम टी20 में पारी की शुरुआत करते हुए 49 रन की पारी खेली थी। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पहले टी20 में सईम ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंद में 47 रन बनाये थे। सईम मैदान के हर कोने में शॉट्स खेलते हुए शीर्ष क्रम में तेजी से रन बनाते हैं। सईम ने इसी साल पाकिस्तान सुपर लीग में डेब्यू करते हुए पेशावर जाल्मी की ओर से सत्र के 12 मैच में 165 की स्ट्राइक रेट से 341 रन बनाये। इसमें 36 चौके और 17 छक्के भी शामिल है।

सईम के लिए क्रिकेटर बनने का सफर आसान नहीं रहा। उनके पिता ने शौकिया तौर पर क्रिकेट एकेडमी में दाखिला कराया था पर धीरे-धीरे सईम अयूब का शौक बढ़ता गया। उन्होंने पहले क्लब स्तर और फिर ऐज ग्रुप क्रिकेट खेलना शुरू किया। हाल ही में सईम ने अपने इस सफर के बारे में बताया था। वहीं उनके पिता चाहते थे कि वह खेल छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान दें। सईम ने कहा था, पापा और बाकी घरवालों को ऐज ग्रुप क्रिकेट के बारे में बहुत पता नहीं था। उन्होंने मेरे शौक को देखते हुए एकेडमी में दाखिला करा दिया था। मैंने अंडर-16, अंडर-19 टूर्नामेंट खेले. आज से 4-5 साल पहले अंडर-16, अंडर-19 टूर्नामेंट में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट में 50 हजार रुपये तक इनाम में मिलते थे।




# इंग्लैंड में वार्नर का बल्ला रहा है खामोश, भारतीय टीम को मिलेगा लाभ

**सिडनी (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट में पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन के बाद भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए टीम में जगह मिली है। इसका लाभ भारतीय टीम को मिलेगा। इसका कारण ये है कि वार्नर आईपीएल से पहले भारतीय टीम के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज में नाकाम रहे थे। इसके अलावा यह भी देखा गया है कि इंग्लैंड में आमतौर पर वार्नर रन नहीं बना पाते हैं। इससे भारतीय टीम के गेंदबाजों के लिए उन्हें आउट करना आसान रहेगा। टेस्ट क्रिकेट में करियर औसत 45 का है लेकिन बात जब इंग्लैंड में खेलने की होती है तो यह गिरकर महज 26 का रह जाता है। इंग्लैंड में 13 मैचों की 25 पारियों में वार्नर 651 रन ही बना पाए हैं। उनके नाम इंग्लैंड में एक भी शतक नहीं है। खराब फार्म के कारण ही उन्हें एशेज सीरीज और इंग्लैंड में होने वाले आगामी डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले उन्हें रिटायरमेंट की सलाह दी जा रही थी पर इसके बाद भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया सीए ने उन्हें अवसर दिया है।

विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम पिछली बार डब्ल्यूटीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में खिताब जीतने में असफल रही थी। अब उसका रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम का लक्ष्य कंगारुओं पर जीत हासिल कर खिताब अपने नाम करना रहेगा। बॉर्डर गावस्?कर ट्रॉफी के दौरान भारतीय टीम इंडिया ने अपनी ही धरती पर ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया था। इस दौरान भी वार्नर का बल्ला भी खामोश ही रहा था। भारत को इसका सीधे तौर पर फायदा मिला था। ऐसे में वार्नर का ऑस्ट्रेलिया की टीम में होना भारत के लिए अच्छी खबर है।



# कूल्हे की चोट के कारण मैड्रिड ओपन में नहीं खेलेंगे राफेल नडाल



मैड्रिड । दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अभी कूल्हे की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और इस कारण वह अगले सप्ताह मैड्रिड ओपन में भाग नहीं ले पाएंगे। बाईस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्होंने जनवरी के बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। चोट के कारण वह इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे कार्लो और बार्सिलोना टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। मैड्रिड ओपन सोमवार से शुरू होगा जिसमें नडाल पांच बार के चैंपियन हैं। नडाल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर स्पेनिश में लिखा, 'इसके (चोट) कारण मुझे छह से आठ सप्ताह तक बाहर रहना था लेकिन मैं पिछले 14 हफ्ते से बाहर हूं।' उन्होंने कहा, 'हमने चिकित्सकों की राय पर अमल किया लेकिन उन्होंने जैसे कहा था उस तरह से मैं चोट से नहीं उबर पाया और अब हम स्वयं को मुश्किल परिस्थितियों में पा रहे हैं।' छत्तीस वर्षीय नडाल ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि वह 28 मई से होने वाले फ्रेंच ओपन में खेल पाएंगे या नहीं।

# चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी और रियाल मैड्रिड सेमीफाइनल में होंगे आमने-सामने



म्यूनिख। एर्लिंग हालैंड ने फिर से मैनचेस्टर सिटी की तरफ से गोल दागा जिससे उनकी टीम ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना रियाल मैड्रिड की मजबूत टीम से होगा। मैनचेस्टर सिटी ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण 1-1 से ड्रा खेला लेकिन पहले चरण में 3-0 की दमदार जीत के कारण वह 4-1 के कुल योग से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहा। पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद हालैंड ने 57वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी को बढ़त दिलाई। यह इस सत्र में सिटी की तरफ से उनका 48वां गोल था। बायर्न की तरफ से जोशुआ किमिच ने 83वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। मैनचेस्टर सिटी पहली बार चैंपियंस लीग जीतने की कोशिश करेगा लेकिन इसके लिए उसे मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। रियाल मैड्रिड ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में चेल्सी को 4-0 के कुल योग से पराजित किया। सेमीफाइनल का पहला चरण मई में खेला जाएगा। पिछले साल रियाल मैड्रिड ने सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी को 6-5 से हराया था।

# मैच से सबक लेकर आगे बढ़ना होगा: सैमसन

**जयपुर(एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने आईपीएल में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मिली 10 रनों की हार पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी टीम को यह लक्ष्य हासिल कर लेना चाहिये था। सैमसन के अनुसार जिस प्रकार की उनकी टीम की बल्लेबाजी है उसको देखते हुए उसे यह लक्ष्य हासिल करना चाहिए था। इस मैच में 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर के बीच हुई 87 रन की साझेदारी के बाद भी मध्यक्रम के विफल होने के कारण लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी।

सैमसन ने कहा, ''इस मैच के परिणाम से हमें निराश हो रही है पर इससे हमें सबक लेते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है। हमारे पास जिस प्रकार का अच्छा बल्लेबाजी क्रम अभी है उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल होना चाहिए था। विरोधी टीम ने हालांकि अच्छी गेंदबाजी करते हुए हालातों का अच्छा इस्तेमाल किया पर मेरा अब भी मानना है कि यह लक्ष्य हम हासिल कर सकते थे।'' पिच को लेकर सैमसन ने कहा, ''मैं इस तरह की कम उछाल वाली पिच की उम्मीद कर रहा था और मुझे लगता है कि हमें ऐसा ही कुछ मिला। अब आगे के मैचों में हमें समझदारी भरा क्रिकेट खेलने की जरूरत है और हम लगभग 9 से 10 ओवर तक काफी अच्छी स्थिति में थे पर इसके बाद बीच के ओवरों में टीम रन नहीं बना पायी और उसने विकेट खो दिये। जीत के लिए बीच के ओवरों में हमें एक अच्छे ओवर की जरुरत थी जो नहीं मिला। इसके अलावा विरोध टीम के गेंदबाजों को जीत का श्रेय दिया जाना चाहिये।

सुपरजाइंट्स की ओर से आवेश खान ने 25 रन पर तीन जबकि मार्कस स्टोइनिस ने 28 रन पर दो विकेट लिए। नवीन उल हक ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में केवल 19 रन दिए पर उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।



# मैं अपने अहम या गरूर को खुद पर हावी नहीं होने देती: प्रियंका



**अभिनेत्री** प्रियंका चोपड़ा जोनस का कहना है कि हर कोई उनसे पूछता है कि उन्होंने हॉलीवुड में जगह कैसे बना ली और कोई अन्य भारतीय कलाकार यह क्यों नहीं कर पाया? उनके पास इसका कोई जवाब नहीं है लेकिन उन्हें बस इतना पता है कि वह भारत में मिली अपनी शोहरत को सिर पर रख कर साथ नहीं ले गईं। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी हालिया भारत यात्रा के दौरान एक साक्षात्कार में कहा, '' लोग हमेशा मुझसे पूछते हैं कि कोई और ऐसा क्यों नहीं कर पाया? भारत से किसी अन्य अभिनेता ने आपकी तरह लीक से हटकर जाने की क्यों नहीं सोची? मेरे पास इसका जवाब नहीं है। ''

उन्होंने कहा कि उन्हें बस इतना पता है कि उन्होंने क्या किया है वह भारत में मिली अपनी शोहरत को सिर पर रख कर साथ नहीं ले गईं और शायद इसलिए ही वह आज इस मुकाम पर हैं। प्रियंका ओटीटी (ओवर द टॉप) मंच 'प्राइम वीडियो' के शो 'सिटाडेल' के अमेरिकी संस्करण के प्रीमियर के लिए भारत आईं थीं। प्रियंका के अलावा इसमें अभिनेता रिचर्ड मैडेन भी मुख्य भूमिका में हैं। 'सिटाडेल' सीरीज के पहले दो धारावाहिक दुनियाभर में 28 अप्रैल को 'प्राइम वीडियो' पर 40 भाषाओं में प्रसारित किए जाएंगे। अभिनेत्री ने कहा, '' मैं भारत से हूं और यहां मैं एक बड़ी कलाकार हूं और मेरे पास 20 लोगों की टीम है। मैं वहां (हॉलीवुड में) यह नहीं करती। मैं ऑडिशन देती हूं। मुझे कमरे में जाने और अपनी प्रतिभा दिखाने में कोई हिचक नहीं है। मैं काम से नहीं डरती। मैं अपने अहम या गरूर को खुद पर हावी नहीं होने देती।''

प्रियंका ने 2012 में बतौर गायिका हॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। अदाकारा के गीत 'इन माई सिटी' और 'एक्ज़ोटिक' को काफी सराहा गया था। अदाकारा बाद में 2015 में 'एबीसी' की ड्रामा सीरीज 'क्वांटिको' में भी नजर आईं। वह एक अमेरिकी नेटवर्क की सीरीज में काम करने वाली पहली दक्षिण एशियाई अभिनेत्री थीं। प्रियंका ने इसके बाद 2017 में अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म 'बेवॉच' की। हाल ही में वह 'द मैट्रिक्स रिसर्शन' में नजर आईं। हिंदी फिल्म जगत में अपने 20 साल लंबे करियर में प्रियंका 'फैशन' 'कमीने', '7 खून माफ', 'बर्फी', 'बाजीराव मस्तानी', 'दिल धड़कने दो' जैसी हिट फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

प्रियंका ने कहा कि चाहे बॉलीवुड हो या हॉलीवुड, काम करने का तरीका यही है कि पहले छोटे–छोटे किरदार निभाए जाएं और अपनी प्रतिभा साबित की जाए। उन्होंने कहा, '' बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत करने के दौरान भी मैंने यही किया था... फिल्म जगत में ऐसे ही काम किया जाता है। मैं कड़ी मेहनत करने से नहीं कतराती। मैं दृढ़ता दिखाने से नहीं डरती... जब आप उस मुकाम पर पहुंच जाते हैं और अपना काम देखते हैं तब आपको लगता है कि आपने फिर कर दिखाया।

## अक्षय और परेश रावल के साथ ही बनेगी हेरा फेरी 3



**बालीवुड** फिल्म हेरा फेरी 3 किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी हुई है। सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए, सुनील शेट्टी ने आखिरकार खुलासा किया कि फिल्म में, वह अक्षय कुमार के साथ और परेश रावल अपने लोकप्रिय पात्रों, श्याम, राजू और बाबूराव को क्रमशः दोहराते हुए दिखाई देंगे। फिल्म जल्द ही एक और विवाद में आ गई जब प्रशंसकों ने फरहाद सामजी को फिल्म के निर्देशक के रूप में साइन करने के फैसले पर अपनी निराशा और अस्वीकृति दिखाई, क्योंकि उन्होंने ट्विटर पर हैशटैग हेरा फेरी से फरहाद सामजी को हटा दें ट्रेंड किया। निर्देशक ने बाद में एक साक्षात्कार में इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा हर कोई अपनी पूरी कोशिश करता है और अगर किसी को कोई समस्या है, तो वे बेहतर फिल्म बनाकर और बेहतर पंच लिखकर इसे ठीक करने की कोशिश करेंगे। बता दें कि पहले यह कयास थे कि फिल्म में कौन–कौन शामिल हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि कार्तिक आर्यन को एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना गया था।

## राखी सावंत को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दी धमकी, ईमेल में लिखा- तेरे भाई सलमान को हम...



**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। वहीं ड्रामा क्वीन राखी सावंत को भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने धमकी दे डाली है। बता दें कि राखी सलमान खान के साथ खास बॉन्ड शेयर करती हैं। वह सलमान को अपना भाई मानती है। सलमान भी राखी के मुश्किल वक्त में हमेशा उनकी मदद करते नजर आते हैं। शायद इस वजह से सलमान के बाद राखी को धमकी मिली है।

राखी सावंत को धमकी भरे ईमेल भेजे गए हैं, जिसमें उन्हें सलमान खान से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। मेल में कहा गया है कि सलमान खान को हम बॉम्बे में मारेंगे तू (राखी सावंत) इसमें इंवॉल्व मत हो, वरना प्रॉब्लम में आ जाएगी। बताया जा रहा है कि यह मेल गुर्जर प्रिंस नाम के व्यक्ति ने भेजा है, जो खुद को लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप /गोल्डी बरार ग्रुप का बता रहा है।


इस धमकी भरे ईमेल में लिखा है, जय बालकारी, राखी हमारी तेरे से कोई लड़ाई नहीं है, तू सलमान खान के मैटर में इंवॉल्व मत हो, वरना तुझे बहुत प्राब्लम हो जाएगी। तेरे भाई सलमान को हम बॉम्बे में ही मारेंगे, वो कितनी भी सिक्योरिटी बढ़ा ले अबकी बार उसे सिक्योरिटी में ही मारेंगे, ये लास्ट वार्निंग है राखी तेरे लिए वरना फिर तू तैयार रहना।

धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में राखी सावंत ने कहा, वो (लॉरेंस बिश्नोई गैंग) कह रहे हैं कि अगर तुमने सलमान खान के बारे में बात की तो हम तुम्हें मार देंगे। लेकिन मैं सलमान के बारे में बात करूंगी, क्योंकि जब मेरी मां बीमार थी, तब उन्होंने मेरी मां की मदद की थी।

## ब्रह्मास्त्र के पार्ट 2 और 3 भी बनेगें



ब्रह्मास्त्र के सफल प्रदर्शन के बाद, निर्देशक अयान मुखर्जी ने फेंचाइजी में सिर्फ एक नहीं बल्कि दो और फिल्मों की घोषणा की। ब्रह्मास्त्र भाग 2- देव और ब्रह्मास्त्र भाग 3 क्रमशः 2026 और 2027 में रिलीज होने वाले हैं, जैसा कि फिल्म निर्देशक ने घोषित किया। उन्होंने यह भी बताया कि दूसरी और तीसरी किस्त एक साथ बनाई जाएगी, जिससे उन्हें क्लोजर भी एक साथ रिलीज करने की अनुमति मिलेगी। हालांकि नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि नई फिल्मों का निर्माण जियो स्टूडियो के तहत किया जाएगा, क्योंकि करण जौहर और अयान मुखर्जी के बीच कथित तौर पर आगामी फिल्मों को लेकर झगड़ा हुआ था।




## अभिनेता ने की दृश्यम 3 की पुष्टि

दो फिल्मों की सफलता को देखते हुए, दक्षिण भारतीय निर्माता एंटनी पेरुम्बवूर ने हाल ही में एक पुरस्कार समारोह में अभिनेता मोहनलाल ने की दृश्यम 3 की आधिकारिक पुष्टि की। जानकारी के मुताबिक, तीसरे भाग पर काम चल रहा है और फिल्म की स्क्रिप्टिंग पर काम चल रहा है। इसके अलावा, भोला स्टार को स्पष्ट रूप से लगता है कि दृश्यम 1 और 2 के रीमेक बड़ी हिट साबित हो रहे हैं, यह बेहतर है कि तीसरी किस्त मलयालम के साथ ही बनाई जाए। इसलिए, फिल्में - हिंदी के साथ–साथ मलयालम में भी एक ही समय में रिलीज हो सकती हैं। मालूम हों कि दृश्यम 1 और 2, मूल संस्करण में मोहनलाल और इसके हिंदी रूपांतरण में अजय देवगन को दर्शकों के साथ–साथ आलोचकों द्वारा भी व्यापक रूप से स्वीकार किया गया था।



## भूल भुलैया 3 में फिर बाबा बनेगें कार्तिक आर्यन

भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन रूह बाबा की अपनी भूमिका को पुनर्जीवित करेंगे। अपने सोशल मीडिया हैंडल का सहारा लेते हुए अभिनेता ने एक पोस्ट किया और भूल भुलैया 2 से अपने लोकप्रिय संवाद की विशेषता वाला एक छोटा वीडियो भी साझा किया। यह फिल्म दिवाली 2024 के अवसर पर रिलीज होगीलेकिन फिल्म एक ब्लॉकबस्टर साबित हुई, जिसने कोविड के बाद लोगों को अपने घरों से बाहर निकाला।। फेंचाइजी की पहली फिल्म में अक्षय कुमार और विद्या बालन थे। विद्या बालन मुख्य भूमिका में थी, जबकि आर्यन के साथ कियारा आडवाणी ने दूसरे भाग में दो दिग्गजों की जगह ली, जो दर्शकों को शुरू में पसंद नहीं आई।

## ऋचा चड्ढा भोली पंजाबन की भूमिका में

फुकरे फेंचाइजी में ऋचा चड्ढा भी भोली पंजाबन की भूमिका में हैं। इस सीरीज के पिछले दोनों भागों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। जब निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा ने तीसरी फिल्म फेंचाइजी की समाप्ति की घोषणा की तो प्रशंसक शांत नहीं रह सके। फिल्म के बारे में बात करते हुए ऋचा ने पहले कहा था, फिल्म बड़ी और बेहतर होने वाली है। मैं सच में उत्साहित हूँ। उन्होंने कहा कि फिल्म का आधार हास्यास्पद था, जिसे कलाकारों द्वारा विश्वसनीय बनाया जाएगा। बता दें कि पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, मनजोत सिंह और अली फजल की फुकरे फेंचाइजी चार दोस्तों के इर्द–गिर्द घूमती है, जो पैसे कमाने के आसान तरीकों की तलाश करते हैं।

